सुविचार

उस काम को कभी ना छोड़ें जिसके बारे में आप हर दिन सोचते हैं!

RNI : RAJHIN13216/2005

# दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 अंकः 272 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, मंगलवार 25 अप्रैल, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com


पायलट से खींचतान पर गहलोत बोले- हमें आपस में नहीं लड़ाएं

# जनता ने मूड बना लिया है, इस बार सरकार रिपीट होगी : सीएम गहलोत

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** सीएम अशोक गहलोत ने सचिन पायलट खेमे से चल रही खींचतान को लेकर बने सियासी नरेटिव पर कहा है- मीडिया आपस में हम लोगों को किसी से नहीं लड़वाए। हम चुनाव जीतकर आएंगे। जनता ने मूड बना लिया है। इस बार सरकार रिपीट होने जा रही है। सचिन पायलट सीएम गहलोत पर लगातार हमलावर हैं। ऐसे में कांग्रेस में आपसी खींचतान बढ़ रही है। गहलोत के बयान को उस खींचतान से ध्यान डायवर्ट करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। सोमवार को गहलोत महंगाई राहत कैंप की शुरूआत के बाद जयपुर के पास महापुरा में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। बीजेपी राज के करप्शन को लेकर सचिन पायलट के अनशन के बाद से सीएम अशोक गहलोत ने सीधे तौर पर पायलट को कोई जवाब नहीं दिया है। गहलोत इशारों में ही बयान देते रहे हैं। दिल्ली में दो दिन पहले गहलोत ने इशारों में पायलट पर बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि खुद के नुकसान की तो भरपाई हो जाती है लेकिन पार्टी के नुकसान की भरपाई नहीं होती है।




- सीएम अशोक गहलोत के एक लाइन के बयान को सियासी जानकार बहुत अहम मान रहे हैं। यह बयान ऐसे समय आया है, जब सचिन पायलट बीजेपी राज के करप्शन पर कार्रवाई नहीं होने को लेकर लगातार सीएम अशोक गहलोत पर सवाल उठा रहे हैं। गहलोत के दिल्ली दौरे के बाद इस बयान को सियासी टर्न के तौर पर देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, सीएम अशोक गहलोत सचिन पायलट को कोई जवाब नहीं देकर पार्टी हाईकमान और जनता के बीच यह दिखाना चाहते हैं कि उनका ध्यान केवल गवर्नेंस और चुनाव की तैयारियों पर है। इसीलिए उन्होंने पायलट के अनशन के बाद से जब भी कोई सवाल पूछा गया तो जवाब आया- महंगाई राहत। गहलोत सियासी रणनीति के तहत पायलट मुद्दे पर नहीं बोलना चाहते। अब आज के बयान का टोन इस तरह का है जैसे गहलोत विवाद की जगह एकजुटता का मैसेज देना चाह रहे हों।

## डोटासरा बोले- बेशर्मों ने राहुल से मकान खाली करवा लिया

RSS-BJP की औकात ही यही है; गरीब को गणेश मानकर सेवा कर रहे गहलोत



**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राहुल गांधी के मुद्दे पर BJP और फऽर पर हमला बोला है। उन्होंने कहा- जिस राहुल गांधी की बदौलत UPA राज में एक से बढ़कर एक योजनाएं लागू करवाईं, उनसे बेशर्म फऽर और इखढ ने मकान खाली करवा लिया। अरे, इतनी छोटी तुम्हारी औकात है। यह तो हमें पता ही नहीं था। हम तो सुनते थे कि फऽर के लोग उस वक्त अंग्रेजों के लिए मुखबिरी करते थे, जब कांग्रेस के लोग आजादी की लड़ाई लड़ रहे थे। डोटासरा महंगाई राहत कैंप की शुरूआत के मौके पर जयपुर के पास महापुरा में रैली में बोल रहे थे।

- **डोटासरा ने कहा-** जिस राहुल गांधी की दादी और पिता देश की एकता और अखंडता के लिए शहीद हो गए। उसका मकान भी आप ने दिल्ली में रहने के लिए नहीं छोड़ा। आपको इतना भी सब्र नहीं हुआ। इससे नीचे आप जा भी नहीं सकते हो। यह जनता जनार्दन भगवान है। यह कुर्सी पर बैठाती भी है। जब अहंकार आ जाता है तो कुर्सी से नीचे उतारने का काम भी जनता जनार्दन करती है।

# पीएम ने कोच्चि में पैदल रोड शो किया

यूथ कार्यक्रम में बोले- पिछली सरकारों ने हर सेक्टर में घोटाले किए, हमने अवसर पैदा किए




सितारा न्यूज नेटवर्क

**कोच्चि।** पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार को दो दिन के दौरे पर केरल पहुंचे। उन्होंने कोच्चि में पहले पैदल रोड शो किया और बाद में गाड़ी में बैठकर लोगों के बीच गए। इस दौरान वे केरल के पारंपरिक परिधान में नजर आए। 2 किलोमीटर लंबे रोड शो के बाद पीएम यूथ इवेंट ह्ययुवाम 2023 में पहुंचे। यहां उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले की सरकारों ने हर सेक्टर में घोटाले किए, वहीं भाजपा की सरकार हर सेक्टर में युवाओं के लिए नए अवसर पैदा कर रही है। आज हर कोई ये कह रहा है कि 21वीं सदी भारत की सदी है। भारत वो देश है जिसके पास युवा शक्ति का भरपूर भंडार है। पहले सोच थी कि भारत बदलेगा ही नहीं, लेकिन अब सोच है कि हमारा ये देश अब पूरी दुनिया को बदल सकता है।

एक समय पर भारत की गिनती पांच सबसे कमजोर देशों में होती थी। आज भारत को अपनी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए जाना जाता है। ऐसा देश के युवाओं की वजह से हुआ है।

हमारी सरकार ने फिशरीज के लिए अलग मंत्रालय बनाया। मछुआरे भाईयों को किसान क्रेडिट कार्ड के दायरे में लाए। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत केरल के लिए 800 करोड़ रुपए जारी किए गए।

कुछ हफ्ते पहले मैं केरल के एक 99 वर्षीय युवा से मिला। वह एक प्रसिद्ध गांधीवादी श्री वी. पी. अप्पुकुट्टा पोडुवल हैं, जिन्हें पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। हमें केरल की हर प्रतिभा से सीखने को मिलता है।

एक तरफ हम देश का निर्यात बढ़ाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। वहीं, केरल में कुछ लोग सोने की तस्करी के लिए मेहनत कर रहे हैं। दो विचारधाराओं (CPI और कांग्रेस) की लड़ाई में केरल को बहुत नुकसान हुआ है। एक विचारधारा अपने हितों को केरल से ऊपर रखती है, वहीं दूसरी अपने परिवार को सबसे ऊपर रखती है। ये दोनों विचारधाराएं हिंसा और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती हैं।

## ईसाई समुदाय के सीनियर प्रीस्ट से मिलेंगे मोदी

मोदी ईसाई समुदाय के सीनियर प्रीस्ट से भी मिलेंगे। यह मुलाकात पार्टी के आउटरीच अभियान ह्यस्नेह यात्राह्न के तहत होगी। इस अभियान में केरल भाजपा के नेता अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों के घरों में ईस्टर और ईद के मौके पर पहुंचे थे।

# गहलोत ने की महंगाई राहत कैंप की शुरूआत

CM ने बुजुर्ग से पूछा- पेंशन मिल रही है? जवाब मिला- सर, आप तो वेरी गुड हो

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार के महंगाई राहत कैंप शिविर का आज मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उद्घाटन किया। जयपुर के सांगानेर तहसील के महापुरा में हुए इस कैंप में पुष्पा देवी प्रजापत को रसोई गैस सिलेंडर देकर पहला लाभार्थी बनाया गया। आज पूरे राज्य में 1799 जगहों पर इस तरह के कैंप लगाए गए हैं, जिनकी संख्या अगले कुछ दिनों में बढ़ाकर 2700 तक की जाएगी। महंगाई राहत कैंप का उद्घाटन करने के बाद गहलोत ने कहा कि महंगाई बहुत तेज मार कर रही है।




इसलिए हमने गैस सिलेंडर उज्ज्वला योजना के सस्ते किए हैं, क्योंकि ये वो लोग हैं जो सिलेंडर अब भी नहीं खरीद नहीं पा रहे हैं। हम चाहते हैं कि भारत सरकार को भी महंगाई से राहत देने के लिए आगे आना चाहिए। आज मैं जिस एजेंसी में गया, वहां 32 हजार कनेक्शनधारी हैं, जिसमें से 1500 उज्वला कनेक्शनधारियों में से केवल 150 ही ले रहे हैं। घोषणा के बाद 500 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाए हैं। इन कैंपों की सबसे बड़ी खासियत है कि कोई अगर अपना जनाधार लेकर यहां केवल बिजली के लिए आया है तो उसे चैक किया जाएगा कि क्या वह दूसरी योजना का फायदा लेने के लिए भी योग्य है या नहीं। अगर योग्य मिलता है तो उसे उस स्कीम का भी गारंटी गार्ड बनाकर दिया जाएगा। हम इन शिविरों में 10 गारंटी कार्ड दे रहे हैं। ये कार्ड सरकार की गारंटी दे रही है कि आपको योजना का लाभ मिलेगा।

# प्रदेश में तीन दिन बाद फिर बारिश-आंधी का अलर्ट

## अप्रैल में पड़ी सर्दी; मई का पहला हफ्ता भी ठंडा रहेगा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** जयपुर समेत कई शहरों में आंधी-बारिश से गर्मी के तेवर नरम पड़ गए हैं। पिलानी, अलवर, धौलपुर समेत कई शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 2 से लेकर 6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। रविवार देर शाम धूलभरी हवा चलने से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में अगले तीन दिन मौसम साफ रहेगा। फिर 27-28 अप्रैल से एक मजबूत सिस्टम एक्टिव होगा। इसके असर से आंधी-बारिश का दौर वापस शुरू होगा। यह रुक-रुककर चलता रहेगा। मौसम केंद्र जयपुर और सिंचाई विभाग से जारी रिपोर्ट देखें तो कल जयपुर के चौंमू, चाकसू, कोटखावदा, जमवारामगढ़, आंधी, माधोराजपुरा, फागी समेत कई जगहों पर 1 से 3टट तक बरसात हुई। इससे पहले जयपुर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी चली। यह स्थिति झुंझुनूं, चूरू, बीकानेर, हनुमानगढ़ और गंगानगर एरिया में भी रही। अंधड़-बूंदाबांदी के बाद जयपुर, दौसा, झुंझुनूं समेत कई शहरों में ठंडी हवा चलती रही। इससे तापमान में गिरावट हुई और कई शहरों में मौसम सुहावना हो गया।



### अगले तीन दिन मौसम शुष्क

मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- आज से अगले तीन दिन यानी 26 अप्रैल तक राज्य में मौसम साफ रहेगा। तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसके बाद 27-28 अप्रैल से उत्तर भारत में मजबूत वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। इसके असर से राजस्थान में आंधी-बारिश हो सकती है। इस सिस्टम के असर से मई में लोगों को गर्मी का परेशान नहीं करेगी। मई के पहले हफ्ते में दो या तीन दिन राज्य के कुछ हिस्सों में गरज-चमक और तेज हवा के साथ बरसात हो सकती है। इससे तापमान में 2 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।

### सीकर में आज सुबह बारिश

सीकर में रविवार सुबह हुई बारिश और अंधड़ के बाद तापमान में खासी गिरावट देखने को मिली। सीकर में न्यूनतम तापमान 19 डिग्री से 14.5 डिग्री पहुंच गया।

## 6 डिग्री सेल्सियस तक गिरा तापमान

आंधी-बारिश के कारण राजस्थान के कई शहरों में पारा लुढ़क गया। धौलपुर में सबसे ज्यादा 6.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट रही। यहां एक दिन पहले अधिकतम तापमान 38.8 था, जो गिरकर कल 32.4 डिग्री पर आ गया। इसी तरह झुंझुनूं के पिलानी में तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 31.4 पर पहुंच गया। अलवर में कल दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे कम रहा। करौली में भी तापमान में 4.5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हुई। तापमान में गिरावट के कारण राज्य के अधिकांश शहरों में पारा सामान्य से नीचे चला गया है।




| पूर्वानुमान> | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र |
|---|---|---|---|---|
| 30° अधिकतम> | 42°c | 44°c | 43°c | 43°c |
| न्यूनतम> | 30°c | 29°c | 23°c | 23°c |

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा बीकानेर का परिणाम घोषित

### कक्षा 5 से 12 के प्रत्येक वर्ग के प्रथम तीन विद्यार्थियों को मिलेंगे पुरस्कार



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर 23 अप्रैल। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार, देव संस्कृति विश्वविद्यालय एवं शिक्षा विभाग राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिला बीकानेर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा बीकानेर जिला संयोजक मुकेश व्यास एवं जिला सचिव देवेन्द्र सारस्वत ने बताया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 15 अक्टूबर को आयोजित की गई थी। जिसमें बीकानेर जिले से 6,789 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। श्री सारस्वत ने आगे बताया कि परीक्षा परिणाम शांतिकुंज हरिद्वार से अनुमोदन के पश्चात गायत्री शक्तिपीठ बीकानेर में गायत्री परिवार जिला समन्वयक करनीदान चौधरी, परीक्षा जिला सचिव देवेन्द्र सारस्वत, दीया कौशल सिंह, प्रवीण तंवर तथा राधेश्याम शर्मा द्वारा जारी किया गया है। जिसमें जिला स्तर पर कक्षा 05 में सुर्या पब्लिक स्कूल श्रीडुंगरगढ की अंजली रेगर प्रथम, कक्षा 06 में सनसिटी इंग्लिश स्कूल नोखा की कृतिका सारस्वत प्रथम, 07 में राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय गजनेर की संगीता भाटी प्रथम, 08 में विवेकानंद इंग्लिश सीनियर सैकंडरी स्कूल खाजुवाला की आयुषी शर्मा प्रथम, 09 में सिल्वान इंग्लिश एकेडमी सुदर्शना नगर की नीलम प्रथम, 10 में आरएनआरएसवी स्कूल करनीनगर की पुनम शर्मा प्रथम, 11 में आयुष पब्लिक शिक्षण संस्थान बंगलानगर की टीना प्रजापत प्रथम तथा कक्षा 12 में श्रीबिग्गाजी शिक्षण संस्थान सीनियर सैकंडरी स्कूल सातलेरां श्रीडुंगरगढ की जसोदा सिद्ध ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार से बीकानेर, नोखा, श्रीडुंगरगढ, पुगल-खाजुवाला, लूनकरनसर तहसील के कक्षा 05 से 12 की तहसील स्तर की मैरीट लिस्ट भी जारी की गई है। आगामी 14 मई को बीकानेर में आयोजित होने वाले पुरस्कार वितरण सम्मान समारोह में जिला व तहसील स्तरीय प्रावीण्य सूची के कक्षावार विद्याथीर्यों, सर्वाधिक विद्यार्थी पंजीयक विद्यालय सुरज बालबाड़ी उच्च माध्यमिक विद्यालय जस्सूसरगेट बीकानेर को संस्कृति भूषण ट्राफी तथा भारतीय संस्कृति विस्तार के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकगणों को उत्कृष्ट शिक्षक गरिमा सम्मान तथा विशेष उल्लेखनीय कार्य करने वाले कार्यकताओं को संस्कृति पुरोधा से सम्मानित किया जायेगा।

## महंगाई राहत कैंप व प्रशासन गांवों के संग अभियान ग्राम पंचायत नेगडिया में हुआ



सितारा न्यूज नेटवर्क

**आसीन्द/ सांवरमल शर्मा।** नेगडिया ग्राम पंचायत में प्रशासन गांवों के संग अभियान में एसडीएम सीपी वर्मा , तहसीलदार भँवर लाल सेन , नायब तहसीलदार नीतू पारीक , गिरदावर बालूराम कुमावत ,पूर्व विधायक हगामीलाल मेवाड़ा , उदयलाल फौजी , पटवारी भूपेन्द्र सिंह , सरपंच सुशीला देवी गुर्जर , ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लोकेश नागला , ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी ,प्रीतम गुप्ता , राजीव गांधी युवा मित्र सांवरलाल जाट व मुकेश कुमार जाट , अकरम मोहम्मद उपस्थित रहे । कैंप में 51 नामांतरण 51 , 20 सुद्धि करण , 15 बंटवारा 84 लाभवन्तिक कृषक , रास्ते के 2 प्रकरण ,अतिक्रमण हटाने के एक प्रकरण सीमा ज्ञान पत्र गड्डी 7 , नए कुए दर्ज 5 , जाति मूल प्रमाण पत्र 22 , प्रतिलिपिके 86 , आगंतुक 773 हुए । वहीं महंगाई राहत कैंप में मुख्यमंत्री चिरंजीवी में 346 मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा में 346 गैस सिलेंडर में 160 , पेंशन 177 कामधेनु गाय बीमा 275 के रूल बिजली कनेक्शन में 242 कृषि बिजली 28 राशन किट 297 महंगाई राहत में कुल 365 रोडला बनते हुए।

## पंचाग

दिनांक:-24अप्रैल 2023 सोमवार
विक्रम संवत2080वैशाख शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | चतुर्थी | 08:24:20 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | मृगशीर्षा | 26:06:09 |
| योग | शोभन | 07:46:53 |
| करण | विष्टि भद्र | 08:24:20 |
| करण | बव | 20:57:25 |
| चन्द्र राशि | वृषभ | 13:11:31 |
| चन्द्र राशि | मिथुन | 13:11:31 |
| सूर्य राशि | मेष | |
| दिशा शूल | पूर्व | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:56:09 |
| सूर्यास्त | 18:54:18 | |
| चंद्रोदय | 08:42:25 | |
| चंद्रास्त | 23:16:10 | |
| राहू काल | 07:33-09:11 | |
| अभिजित | 12:00-12:52 | |
| शुभ चोघडिया | | |
| अमृत | 05:56-07:33 | शुभ |
| शुभ | 09:11-10:48 | शुभ |
| चर | 14:02-15:40 | शुभ |
| लाभ | 15:40-17:17 | शुभ |
| अमृत | 17:17-18:54 | शुभ |



ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

# महंगाई राहत कैंप में 290 पात्र परिवारों का हुआ रजिस्ट्रेशन




सितारा न्यूज नेटवर्क

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव ।** पंचायत समिति हुरडा ब्लॉक की ग्राम पंचायत गागेड़ा में प्रशासन गांवो के संग महंगाई राहत कैंप की शुरूआत हुई! महंगाई राहत कैंप में आसींद हुरडा विधानसभा प्रत्याशी मनीष मेवाड़ा, पंचायत समिति हुरडा प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़, शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी विनोद कुमार मीणा, राजस्व अपील अधिकारी हीरा लाल मीणा, तहसीलदार शिल्पा चौधरी, विकास अधिकारी ज्योति प्रजापति, पंचायत समिति सदस्य पूजा चौधरी ने फीता काटकर कैंप की शुरूआत की। उपखंड अधिकारी मीणा ने आमजन को बताया कि राजस्थान सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं में महंगाई राहत कैंप के अंतर्गत 10 मुख्य योजनाओं का लाभ ले रहे पात्र परिवारों का रजिस्ट्रेशन करवाकर नियमित लाभ दिलवाने की ओर अग्रसर है। विधायक प्रत्याशी मेवाड़ा एवं प्रधान राठौड़ ने सभी ग्राम वासियों से राज्य सरकार द्वारा जारी की गई योजनाओं का लाभ लेने की अपील करते हुए ग्राम के जनप्रतिनिधियों सामाजिक सेवाओं से जुड़े हुए पदाधिकारियों अपील की एवं आमजन को इस योजना से जोड़ने के लिए प्रेरित करने की बात कही। आमजन द्वारा बताई जा रही परिवेदनाओं एवं प्रार्थना पत्रों के अनुसार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शीघ्र से शीघ्र समाधान करने हेतु आदेशित किया। शिविर में आए आमजन को टोकन देकर 290 पात्र परिवारों का रजिस्ट्रेशन किया गया। महंगाई राहत कैंप में सीबीईओ सत्य नारायण नागर, ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी सौरभ गुप्ता ,जीएसएस अध्यक्ष हस्तीमल चौधरी, सहायक कार्यक्रम अधिकारी दशरथ विक्रम शर्मा, सहायक विकास अधिकारी रामदेव बेरवा, प्रोग्रामर तरुण चंचल, पीईओ विष्णु चौधरी सहित 17 विभागों के कार्यालय अध्यक्ष मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर साहब **यह खबर जरूर पढ़े...**

# एसडीएम ने ग्रामसेवक व सरपंच प्रतिनिधि को लताड़ा, पत्रकार से की बदसलूकी

**यह भी किया दुस्साहस :** पत्रकार ने वीडियो बनाया गया तो फोन छीनकर किया डिलीट

**महंगाई राहत कैंप में पहले दिन ही बवाल**

**सबसे बड़ा सवाल : लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर क्यों हुआ प्रहार?**

### पत्रकार महकमे में दिनभर आक्रोश, संगठनों की आपातकालीन बुलाई मीटिंग

### कई जनप्रतिनिधियों ने बताया गलत : पत्रकारों को कवरेज करने से रोकना कई लोगों ने गलत बताया

सितारा न्यूज नेटवर्क

**दांतारामगढ़, विनोद धायल।** रामगढ़ में आयोजित महंगाई राहत कैंप में पहले दिन ही बवाल हो गया। एसडीएम प्रतिभा वर्मा कैंप में हो रही अव्यवस्थाओं से नाराज हो गई जिसके बाद एसडीएम साहिबा ने ग्रामसेवक व सरपंच प्रतिनिधि को लताड़ लगा दी। इस दौरान राहत कैंप का कवरेज कर रहे पत्रकारो ने वीडियो बनाया तो एसडीएम साहिबा नाराज हो गई। मैडम ने सुरक्षाकर्मी की मदद से पत्रकारों को कवरेज से रोका और जबरन वीडियो डिलीट करवाया। जिसके बाद पत्रकार महकमे में दिनभर आक्रोश दिखा और पत्रकार संगठनों की आपातकालीन मीटिंग बुलाई गई। पत्रकारों ने सर्वसम्मति से फैसला लिया कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित महंगाई राहत कैंप का पूर्णतया बहिष्कार किया जाएगा और एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के साथ हुए इस घटनाक्रम को दांतारामगढ़ पूर्व विधायक अमराराम, जिला सरपंच संघ सीकर के अध्यक्ष हनुमान झाझडा, भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ संयोजक राजेंद्र सिंह धीरजपूरा, भाजपा नेता शक्ति सिंह अलोदा व राजस्थान पंचायत समिति सदस्य संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सुरपुरा, पूर्व आरएलपी यूवा मोर्चा महामंत्री दिनेश ठेहट सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने गलत बताया।

सितारा न्यूज नेटवर्क FOLLOWUP सितारा न्यूज नेटवर्क

# 26 वां पाटोत्सव : अखंड रामायण पाठ का हुआ वाचन

### झोटवाड़ा के पंचायत समिति समीप स्थित श्री राम हनुमान मंदिर में कार्यक्रम







सितारा न्यूज नेटवर्क

**आज होगा पूजन अभिषेक और प्रसादी का आयोजन**

**जयपुर।** शहर के झोटवाड़ा पंचायत समिति के समीप स्थित श्री राम हनुमान खेली वाला मंदिर ट्रस्ट के तत्वधान में वार्षिक 26 वां विशाल पाटोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मंदिर व्यवस्थापक अनिल कट्टा ने बताया कि 24 तारीख को रामायण के पाठ वाचन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आज 25 तारीख को भगवान का अभिषेक दूध, दही, पंचामंत्र किया जाएगा। फूलों से मनभावन झांकी सजाई जाएगी उसके बाद भगवान को भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# लखेर में महंगाई राहत कैंप का हुआ आयोजन

### उप जिलाप्रमुख डागर पहुंचे कैंप में आमजन को सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आमेर तहसील के ग्राम लखेर राजींव गांधी सेवा केन्द्र में राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित प्रशासन गांवों के संग अभियान, एवं महंगाई राहत कैंप का आयोजन कैंप प्रभारी, आमेर उपखण्ड अधिकारी असरदीप बराड़ की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कैंप में उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर ने सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में आमजन को जानकारी देकर मंहगाई राहत का रजिस्ट्रेशन करवाने में सहयोग किया। जिसमें मुख्य रुप से चिरंजीवी बीमा, घरेलू कनेक्शन में हर घर 100 युनिट बिजली फ्री, किसानों को 2000 युनिट बिजली फ्री, 4000 हजार रुपये का फ्री पशु बीमा, फ्री राशन किट, 1000 रुपये मासिक पैशन सहित अन्य योजनाओं का कैंप में आमजन ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इस अवसर पर अधिकारियों एवं उप जिलाप्रमुख डागर ने लाभार्थियों को मंहगाई राहत कैंप का रजिस्ट्रेशन कार्ड वितरित किए। इस दौरान डागर ने कहा की कैंप का उदेश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को पहुंचाने और महंगाई से राहत दिलाने के लिए यह राज्य सरकार का ऐतिहासिक कदम है। इस अवसर पर आमेर तहसीलदार सुनिता जैफ, आमेर विकास अधिकारी राजबाला मीणा, पंचायत समिति सदस्य कैलाश यादव, प्रभुदयाल सराधना, स्थानीय सरपंच लक्ष्मीनारायण सराधना, छोटुलाल सराधना, हनुमान सहाय सराधना, हर्षवर्धन सिंह शेखावत, महेश शर्मा, रामस्वरूप सुबेदार, हरिनारायण सराधना, राजेन्द्र बुनकर, सहित राजस्व, कृषि, परिवहन, विधुत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, नरेगा, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित ब्लॉक स्तर के अधिकारी मौजूद थे।



# बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रतियोगिता आयोजित

### बच्चें समाज की रीढ़ इसलिये जनरल ज्ञान होना आवश्यक

सितारा न्यूज नेटवर्क

**निवारू।** कौन होगा विजेता जनरल नॉलेज प्रतियोगिता वर्गो संस्था की और से रामेश्वरम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल लालचंदपुरा निवारू रोड झोटवाड़ा जयपुर में कौन होगा विजेता जनरल नॉलेज प्रतियोगिता कॉन्टेस्ट का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शत्रुंजय कुमार सिंह संपादक लाइव न्यूज नाउ चैनल ने किया। इस दौरान विद्यालय डायरेक्टर जितेंद्र शर्मा को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद सूचना मंत्री सुनील जैन ने बच्चों से जनरल नॉलेज प्रश्नोत्तरी बड़े रोचक तरीके के सवाल पूछे गए और उन्हें सही जवाब देने पर विजय शर्मा उपनिदेशक, पंकज मीणा प्रिंसिपल ने नव्या कुमावत अनुष्का मीणा मोहित सैनी चेतन चौधरी को पूरे 10 सवालों के सही जवाब बताने पर गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। सूचना मंत्री सुनील जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चे घड़े के समान होते हैं जैसे भी सांचे में आप डालेंगे ढल जाएंगे। ऐसी प्रतियोगिता में उनका हुनर सामने आता है और सर्व समाज के विकास को गति मिलती है। इस मौके पर हेमंत कुमावत निदेशक न्यू गायत्री स्कूल जोबनेर ने इस कार्यक्रम की सराहना की तथा धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में विद्यालय निदेशक जितेंद्र शर्मा ने सूचना मंत्री सुनील जैन व शत्रुंजय कुमार सिंह को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया।



# पूर्व विधायक अमृता मेघवाल का ब्यावर आगमन पर हुआ भव्य अभिनंदन



सितारा न्यूज नेटवर्क



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** स्थानीय अजमेर रोड स्थित श्री होटल में जालौर की पूर्व विधायक अमृता मेघवाल का ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा फरसा भेंट कर तथा पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। समाज के रमेश शर्मा ने बताया की इस अवसर पर श्रीमती मेघवाल के साथ आए विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश व्यास ,कन्नू जोशी एडवोकेट भानु प्रताप ,अमित शर्मा तथा अर्थ सन ग्रुप के विकास शुक्ला का भी शंभू दयाल व्यास ,सी .पी. अग्निहोत्री ,मनोज व्यास ,संजय पाराशर ,हरीश त्रिपाठी द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया श्री होटल में ही स्थानीय विधायक शंकर सिंह रावत से भी श्रीमती मेघवाल ने संक्षिप्त मुलाकात की।

# महंगाई राहत कैम्प में दिखा आमजन का जबरदस्त उत्साह - जयपुर में पहले ही दिन एक लाख से ज्यादा लाभार्थियों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आमजन एवं वंचित वर्ग को महंगाई से राहत देने, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं जनउपयोगी घोषणाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा मिशन मोड में प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए जिले में सोमवार को महंगाई राहत कैंप की शुरूआत हुई। पहले ही दिन महंगाई राहत कैंपों में आमजन का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जिला कलक्टर श्री प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि अभियान के पहले दिन टीम जयपुर के समर्पित प्रयासों के चलते 1 लाख 726 लाभार्थियों ने सरकार की 10 बड़ी योजनाओं का लाभ लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया। आमजन के उत्साह को देखते हुए चरणबद्ध रूप से कैंपों की संख्या बढ़ाई जाएगी साथ ही, काउंटर्स की संख्या में भी इजाफा किया जाएगा ताकि महंगाई राहत कैंप में अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाया जा सके। उन्होंने बताया कि जिले को 60 लाख 75 हजार 359 रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य दिया गया है जिसका लगभग 2 फीसदी पहले ही दिन हासिल कर लिया गया है। मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के तहत 17 हजार 585, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में 21 हजार 295, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 22 हजार 229, मुख्यमंत्री निःशुल्क घरेलू बिजली योजना में 16 हजार 281, मुख्यमंत्री निःशुल्क कृषि बिजली योजना में 2 हजार 440, मुख्यमंत्री गैस सिलेंडर योजना में 5 हजार 928, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में 776, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 926, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 7 हजार 68, मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना में 6 हजार 198 लाभार्थियों ने पंजीकरण करवाया है। महंगाई राहत कैंपों में रजिस्ट्रेशन के बाद लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी नजर आई। नींदड सामुदायिक केन्द्र पर आयोजित शिविर में 86 वर्षीय बादामी देवी ने मुख्यमंत्री गैस सिलेंडर योजना के लिए पंजीकरण करवाया, चंद ही मिनटों में बादामी देवी को गारंटी कार्ड मिल गया तो मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत का आभार जताते हुए बादामी देवी ने कहा कि उन्होंने अब उन्हें महज 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा साथ ही 100 यूनिट निःशुल्क बिजली भी मिलेगी। बादमी देवी ने यह भी कहा कि उन्होंने अपनी जिंदगी में इतनी तेज गति से सरकारी योजना का लाभ मिलते हुए पहले कभी नहीं देखा। जिला कलक्टर ने बताया कि महंगाई राहत कैंपों की संपूर्ण जानकारी टोल फ्री नंबर 181 पर भी उपलब्ध होगी। जयपुर जिले में आयोजित होने वाले महंगाई राहत कैंपों, प्रशासन शहरों के संग अभियान एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों की संपूर्ण जानकारी हासिल करने के लिए आमजन जिला कलक्ट्रेट के कंट्रोल रूम के दूरभाष संख्या 0141-2204475, 0141-2204476 के अलावा 0141-2747400, 0141-2602666 पर संपर्क कर सकते हैं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# सत्याग्रह: शहीद स्मारक पर शिक्षको ने अपनी मांगो को लेकर भरी हूंकार

**समस्याओं का समाधान नहीं तो, प्रारम्भ करेंगे प्रदेश व्यापी आंदोलन...**










सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर (सुनील कुमार पाराशर)**। जयपुर। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की प्रत्येक जिला शाखा द्वारा शिक्षको की 11 सूत्रीय ज्वलंत समस्याओं एवं संगठन के माँग पत्र में दी गई समस्याओ के समाधान की मांग को लेकर राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किए गए।बावजूद सुनवाई नहीं किये जाने से शहीद स्मारक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर अपनी वाजिब माँगो को सरकार के ध्यान में लाने संगठन के शिक्षको ने सत्याग्रह प्रारम्भ किया। संगठन के प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षको की वाजिब मांगो पर सरकार का उपेक्षित रवैया चल रहा है।11 सूत्रीय वाजिब मांगों पर सकारात्मक समाधान नहीं किया जाता तो संगठन के शिक्षक सड़क से सदन तक धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसका खामियाजा भुगतने को तैयार रहना होगा। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष नवीन कुमार शर्मा ने कहा कि संगठन की 385 उपशाखाओं के जरिये क्षेत्रीय सांसदों व विधायको को ज्ञापन सौपा गया। बार-बार ज्ञापन व पत्र व्यवहार कर शिक्षको की वाजिब समस्याओं से अवगत करवाया गया है।किंतु इसके बाद भी समस्याओं का सकारात्मक हल नहीं किया गया है।जिसके चलते राज्य का सम्पूर्ण शिक्षक समाज आक्रोशित है। संगठन के प्रदेश सभाध्यक्ष अरविंद व्यास ने कहा कि कुम्भकरण निंद्रा से जाग कर शिक्षको की समस्याओं का समाधान किया जावे अन्यथा आगामी समय में सम्पूर्ण प्रांत में शिक्षको को सड़कों पर उतरने मजूबर होना पड़ेगा। आन्दोलन संघर्ष समिति के आयोजक एवं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संपतसिह ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब जब शिक्षक सड़को पर उतरा है तब-तब राजसिंहासन डोला है। संगठन की प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री रवि आचार्य ने कहा कि यह प्रतीत होता है कि राज्य का शिक्षा विभाग शिक्षको की समस्याओं के प्रति गंभीर व संवेदनशील नहीं है। अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के राजस्थान क्षेत्र के संगठन मंत्री घनश्याम जी ने कहा कि संवेदनशील कहलाने के इच्छुक मुखिया ने सरकार के किसी भी अंग शिक्षको की व्यथा पर संज्ञान नही लिया।वार्षिक बजट एवम मुख्यमंत्री के जवाब के समय पर भी शिक्षको को निराश किया । संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री श्री प्रहलाद शर्मा ने बताया कि संगठन ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम शासन सचिव को ज्ञापन सुपुर्द कर शिक्षको की वाजिब समस्याओं से अवगत करवाया गया। धरने के संचालन संगठन के प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री रवि आचार्य एवं प्रदेश मंत्री अरुण व्यास ने किया। इस अवसर पर संगठन के तकरीबन 800 शिक्षको ने भाग लिया तथा डॉ.अरुणा शर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा, भंवरसिंह राठौड़, अमरजीतसिंह, योगेश शर्मा, ऋषीन चौबीसा, ओमप्रकाश विश्नोई, दीनदयाल शर्मा, कृष्ण कुमार सैनी, रमेश पुष्करणा, अभयसिंह राठौड़, रूपाराम खोजा, रोहिताश दादरवाल, जिलाध्यक्ष जयपुर द्वितीय चौथमल कुमावत, जिलामंत्री अर्जुन सिंह जाट, गजानंद टीलावत, सतीश कुमार शर्मा, जयराम जाट, मक्खन लाल शर्मा, बनवारी भारद्वाज, रूपकिशोर भारद्वाज, निर्विकार शर्मा, ब्रह्मदत्त मिश्रा, नरसी हरितवाल, बजरंगलाल कुमावत, लक्ष्मीकांत पुरोहित, शिवरतन शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, अर्जुन जाट, चम्पा यादव, अशोक कुमार रैगर, अनिल कुमार शर्मा, अमजद खान पठान, अलीशेर खान पठान, राजकुमार, ओम प्रकाश बुनकर, बजरंग सिंह शेखावत, ओमप्रकाश टेलर, अजय कर शर्मा, पंडित सत्यनारायण शर्मा, जगदीश शर्मा, राजकुमारी शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, रणवीर सिंह शेखावत, मदन लाल मीणा, मेघराज शर्मा, विनय कुमारी शर्मा, प्रमिला वर्मा, रंजू सुरोलिया, सपना राठौर, कुलदीप पाठक, श्याम बहादुर शर्मा, नरेंद्र मिश्रा, अभिनव त्यागी, रमेश चंद गुप्ता, रघुनंदन शर्मा, नरेंद्र सिंह शेखावत, ने संबोधित किया।

### ये है 11 सूत्रीय मांगे

- वेतन विसंगतियों के निराकरण हेतु गठित सावंत एवं खेमराज कमेटी की रिपोर्टों को तत्काल सार्वजनिक कर लागू किया जावे एवं समस्त शिक्षक संवर्गों की सभी वेतन विसंगतियों का तत्काल निवारण किया जाए।
- समस्त राज्य कर्मचारियों को 8-16-24-32 वर्ष पर ए.सी.पी. का लाभ देकर पदोन्नति पद का वेतनमान प्रदान किया जाए।
- ठढर कार्मिकों के लिए लागू हुई पुरानी पेंशन योजना की समस्त तकनीकी खामियां ठीक करते हुए ठढर फण्ड की जमा राशि शिक्षकों को देने के साथ-साथ जीपीएफ 2004 के खाता नम्बर तत्काल जारी किये जाए।
- सम्पूर्ण सेवाकाल में परिवीक्षा अवधि केवल एक बार एक वर्ष के लिए हो तथा नियमित वेतन श्रृंखला में फिक्सेशन के समय परिवीक्षा अवधि को भी जोड़ा जाए।
- शिक्षा विभाग मे ऑनलाइन कार्यों पर निर्भरता को दृष्टिगोचर रखते हुए राज्य के समस्त शिक्षकों एवं संस्था प्रधानों को मासिक इंटरनेट भत्ता तथा एंड्राइड फोन उपलब्ध कराया जाए।
- राज्य कार्मिकों को सेवानिवृत्ति के समय तीन सौ उपार्जित अवकाशों की सीमा समाप्त की जाए तथा सेवानिवृत्ति के पश्चात 65, 70 एवं 75 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर पेंशन में क्रमशः 5, 10 व 15 प्रतिशत वृद्धि की जाए।
- शिक्षा विभाग में की जा रही संविदा आधारित नियुक्ति प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जा कर नियमित भर्ती से ही पद भरे जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाए।
- अध्यापक संवर्ग के स्थानान्तरणों पर तत्काल प्रतिबन्ध हटाया जाए एवं राज्य के शिक्षकों के स्पष्ट स्थानान्तरण नियम बनाये जाए और संस्कृत शिक्षा विभाग सहित शिक्षा विभाग में समस्त पदों पर नियमित वर्षवार और नियमानुसार डीपीसी आयोजित की जाकर समय पर पदस्थापन किया जाए। पातेय वेतन पदोन्नति पर कार्यग्रहण की तिथि से वित्तीय परिलाभ तथा वरिष्ठता प्रदान किये जाए।
- इछड सहित समस्त प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से मुक्त किया जाए। वर्तमान में जारी जनाधार अधिप्रमाणीकरण एवं डीबीटी योजना के लिए शिक्षकों एवं संस्था प्रधानों को जारी हो रहे अनावश्यक कारण बताओ नोटिस तत्काल प्रभाव से बन्द हों एवं जारी नोटिस वापस लिए जाए।
- माध्यमिक शिक्षा में स्टाफिंग पैटर्न तत्काल लागू कर पदों का सृजन किया जाए तथा विद्यालयों में पद आवंटन में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम का विभेद समाप्त कर समान रूप से पद आवंटन प्रक्रिया अपनाई जाए।
- माध्यमिक शिक्षा में अध्यापक संवर्ग की सीधी भर्ती की जाए तथा प्रारम्भिक शिक्षा से सेटअप परिवर्तन (6 डी तथा अन्य नियमान्तर्गत) अनिवार्य के स्थान पर स्वैच्छिक किया जाए।

## राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का 11 सूत्री मांगों को लेकर प्रदेश स्तरीय धरना

**सम्मिलित हुए शिक्षक संगठन पदाधिकारी, गुरुशरण गोयल संभाग संगठन मंत्री ने किया संबोधित**





### धरने के बीच सरकार ने दिया ज्ञापन का समय



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर( अनिल सिखवाल)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश स्तरीय धरने के लिए समस्त राजस्थान से संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला पदाधिकारियों सभा अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष , वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष ,जिला मंत्री ,संगठन मंत्री, महिला जिला महिला मंत्री सम्मिलित हुए। जिला मंत्री रघुवीर सिंह चौहान ने बताया कि शहीद स्मारक पर वेतन विसंगतियों को दूर करने, शिक्षकों को समस्त गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त करने ,एसीपी 9 18 27 की जगह 8 16 24 32 करने, ओ पी एस की तकनीकी खामी दूर करने, परिवीक्षा काल 1 वर्ष करने , शिक्षा विभाग में संविदा आधारित भर्ती पर रोक लगाने ,तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण करने , 6डी अनिवार्य की जगह स्वैच्छिक करने महंगाई राहत शिविरों में गर्मियों की छुट्टी में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने आदि 11 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय धरना दिया गया। धरने में जबरदस्त आक्रोश के साथ समस्त पदाधिकारियों ने धरने को संबोधित किया। धरने में बढ़ते संख्यात्मक दबाव के कारण सरकार ने संगठन के प्रदेश नेतृत्व जिसमें संघर्ष समिति के संयोजक संपत सिंह प्रदेश अध्यक्ष नवीन शर्मा प्रदेश महामंत्री महेंद्र लखारा प्रदेश अतिरिक्त मंत्री रवि आचार्य प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद व्यास महिला उपाध्यक्ष डॉक्टर अरुणा शर्मा को ज्ञापन के लिए बुलाया। संपूर्ण राजस्थान के समस्त जिलों के प्रदेश पदाधिकारी संगठन मंत्री तथा जिला पदाधिकारी के साथ ब्यावर जिले के पदाधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष भंवर सिंह राठौड़ रतन सिंह देवड़ा जिलाध्यक्ष , रघुवीर सिंह चौहान जिला मंत्री गुरु शरण गोयल संभाग संगठन मंत्री, धीरज तर्क प्रदेश प्रतिनिधि ,लक्ष्मण पायलट जिला संगठन मंत्री एवं अन्य सदस्य सम्मिलित हुए।

## आरोपियों की गिरफ्तारी व सीबीआई जांच की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा (बहरोड़)।** सोमवार को उपखंड कार्यालय में सैकड़ों की संख्या में मौजूद महिला पुरुषों ने उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि गत 7 मार्च को खोहरी निवासी संजय यादव उर्फ मुन्ना की गोली मारकर हत्या करने के मामले में फरार आरोपियों को पुलिस द्वारा अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। व इस मामले में सीबीआई जांच की जाए। इस दौरान खोहरी, महाराजावास, निंभोर, बरण्ड, जखराना, हमींदपुर, बिजोरावास, गोलावास, अनंतपुरा, कोहराना क्षेत्र के लोगो द्वारा संजय उर्फ मुन्ना खोहरी के हत्यारों को फांसी की सजा देने का नारा लगाते हुए नजर आए। ज्ञापन में बताया कि अजय यादव पुत्र रामनिवास निवासी खोहरी, रवि निवासी बेगमपुर अटेली हरियाणा, सुनील उर्फ सेठिया निवासी बेगमपुर, संदीप उर्फ बच्चियां निवासी हमींदपुर, धर्मेंद्र पुत्र रामसिंह, विकास पुत्र सुभाष, संजय पुत्र फूलसिंह, रामनिवास मास्टर खोहरी इन सभी लोगों ने षड्यंत्र रचकर गोली मारकर हत्या कर दी। इस प्रकरण में पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच नहीं की जा रही है। तथा नामजद धर्मेंद्र पुत्र राम सिंह विकास पुत्र सुभाष, संजय पुत्र फूलसिंह, रामनिवास मास्टर को गिरफ्तार नहीं किया गया है। जबकि यह लोग सरेआम घूम रहे हैं। इन व्यक्तियों द्वारा मृतक के परिवार को किसी भी समय नुकसान होने का अंदेशा है। इस दौरान दीपक यादव, प्रवीण यादव, सुमित यादव, सचिन यादव, पूनम यादव, माया, शर्मिला, अनिता यादव, कमलेश यादव सहित सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष मौजूद रहे।







## पुलिस पर हमला करने वाला 10 महीने से फरार आरोपी गिरफ्तार

गरीबो का सितारा



**वी.पी.मीणा (बहरोड़)।** बहरोड़ पुलिस ने राजकार्य में बाधा डालने के मामले में 10 माह से फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि 7 जुलाई 2022 को रात्रि करीब 11 बजे टेलीफोन से सूचना मिली कि राजेश कुमार राणा निवासी बर्डोद ने पुलिस को सूचना देते हुए कहा कि महेंद्र सैनी और उसके चार-पांच साथी लड़के घर पर आए और उसे मारने की धमकी देकर गए हैं। इनके खिलाफ पहले भी मुकदमा दर्ज करवाया गया है। सूचना के बाद एएसआई सुरताराम पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। यहां राजेश कुमार से घटना की जानकारी लेने के बाद आरोपी महेंद्र और पदम सैनी के घर पहुंचे। जहां मन्नाराम, पदम सैनी, महेंद्र सैनी मिले। इनसे भी घटना के बारे में जानकारी ली जा रही थी कि इसी दौरान महेंद्र सैनी और उनके परिवार के लोगों और महिलाओं ने पुलिस जाब्ते पर हमला कर दिया। जिससे एएसआई सुरताराम की वर्दी फट गई थी। पुलिस जाब्ते पर हमला करने की जानकारी पुलिस के उच्च अधिकारियों को दी गई।मौके पर थाना अधिकारी विरेंद्र पाल सिंह दूसरे जाब्ते के साथ पहुंचे। जहां से पदम कुमार सैनी पुत्र मन्नालाल, मन्नालाल सैनी पुत्र नेतराम सैनी, कमला देवी पत्नी मुन्नालाल सैनी, प्रियंका देवी पत्नी पदम कुमार सैनी को पकड़कर पुलिस थाने ले आई और गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय पेश किया। जहां से सभी को जेल भिजवा दिया था। जबकि मुख्य आरोपी महेंद्र सैनी पुत्र मन्नाराम सैनी फरार चल रहा था। जिसे सोमवार को गिरफ्तार किया गया है।

## लघु उद्योग भारती ब्यावर इकाई द्वारा सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा स्थापना दिवस

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** लघु उद्योग भारती, ब्यावर इकाई द्वारा आज स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सेवा दिवस के रूप मे मनाया जाएगा` अध्यक्ष सचिन नाहर ने बताया कि छोटे (सूक्ष्म) व लघु उद्योगो के राष्ट्रव्यापी संगठन के रूप में लघु उद्योग भारती की 25 अप्रैल 1994 को स्थापना की गयी थी, जो वर्तमान में इस क्षेत्र का सबसे बड़ा गैर सरकारी संगठन बन चुका है` स्थापना दिवस के इसी उपलक्ष्य में मुख्य शाखा एवं महिला शाखा ब्यावर के सभी सदस्यों द्वारा आज प्रातः 9:30 बजे संजय इन्क्लूसिव स्कूल, मुणोत नगर में सेवा दिवस के रूप में सेवा कार्य किया जाएगा इकाई के सभी सदस्य सेवा दिवस के इस कार्यक्रम में सम्मिलित हो, ऐसा सादर आग्रह है `सचिव विजय मेहता ने बताया कि आज लघु उद्योग भारती की देश के लगभग सभी राज्यों मे इसकी इकाईयां कार्यरत है । सम्पूर्ण देश के 450 से अधिक जिलों में सम्पर्क शाखाऐं विभिन्न जिलों एवं औद्योगिक क्षेत्रों मे कार्यरत है । वर्तमान में ब्यावर की मुख्य इकाई में कुल सदस्य संख्या 217 एवं महिला इकाई में 41 संख्या है` आगामी कार्यक्रम की श्रंखला में ब्यावर इकाई द्वारा 28 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से वर्द्धमान कॉलेज सभागार में होने जा रहे (फूड इंडस्ट्री न्यू एंटरप्राइजेज) विषय पर होने जा रहे सेमिनार की तैयारियां अंतिम चरण में है` उक्त कार्यक्रम ब्यावर की पुण्य धरा पर ऐतिहासिक रूप से संपन्न होने जा रहा है ।


इस कार्यक्रम से औद्योगिक नगरी ब्यावर में मिनरल उद्योग पर निर्भरता को कम करते हुए फूड इंडस्ट्री का विकास हो और फूड पार्क तक की ब्यावर में स्थापना हो, इस विस्तृत सोच के साथ इस कार्यक्रम की रचना की गई है । नवीन और वर्तमान, दोनों प्रकार के उद्यमियों के लिए निश्चित रूप से ये कार्यक्रम अत्यंत लाभदायक सिद्ध होने वाला है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# कौशल व दक्षता आधारित शिक्षा भविष्य की जरूरत

राष्ट्र निर्माण, समाज निर्माण और व्यक्तित्व निर्माण में सबसे अहम भूमिका शिक्षा की है। शिक्षित व्यक्ति ही विवेकशील व तर्कपूर्ण समाज का निर्माण करता है। शिक्षा जहां मानव का समग्र विकास करती है, वहीं वह वक्त व बाजार की जरूरत के अनुरूप दक्ष भी बनाती है। जैसे-जैसे विकासक्रम बदलता है, वैसे-वैसे शिक्षा का पैटर्न भी बदलता है। आज 21वीं सदी में विश्व की जरूरत बदल रही है, ऐसे में इस बदलाव के अनुरूप ही शिक्षा में भी परिवर्तन होना चाहिए। आज के युग में परंपरागत डिग्री बहुत उपयोगी नहीं रह गई है, बल्कि स्किल बेस्ड शिक्षा अधिक उपयोगी हो गई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने जी-20 कार्य समूह की बैठक से पहले कहा है कि 'डिग्री' के बजाय कौशल और दक्षता भविष्य को संचालित करेगी तथा नवाचार एवं प्रौद्योगिकी के चलते पुरानी नौकरियां खत्म होनी शुरू हो गई हैं और नई नौकरियां सृजित हो रही हैं। मानव बुद्धिमत्ता की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के साथ निरंतर प्रतिस्पर्धा का दौर शुरू हो गया है। मौजूदा युग डिजिटल क्रांति का है, इसलिए शिक्षा के पैटर्न में भी डिजिटल स्किल को समावेश करने की आवश्यकता है। अभी अगर बाजार को देखें, तो डिजिटल क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है, सभी क्षेत्र की कार्यप्रणाली को डिजिटल सिस्टम बदल रहा है। चालू सदी डिजिटेक, बायोटेक व नैनो टेक की है, इसलिए शिक्षा भी इन क्षेत्रों के अनुरूप होनी चाहिए। डिजिटल क्रांति ने दिखाया है कि अब ट्रेडिशनल डिग्री की उतनी अहमियत नहीं है, अगर कार्यबल स्किल्ड है। आज आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (मशीन लर्निंग), आईओटी, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, एमएस एक्सेल, डिजिटल मार्केटिंग आदि ऐसे स्किल बेस्ड लर्निंग हैं, जिसमें दक्षता हासिल करना किसी भी ट्रेडिशनल डिग्री की अपेक्षा अधिक रोजगारोन्मुखी है। नवाचार और नई प्रौद्योगिकी के चलते नई नौकरियां उभरती जाएंगी, इसलिए कार्यबल को लगातार कौशल प्रदान करने, दोबारा कौशल प्रदान करने और अतिरिक्त कौशल बढ़ाने की जरूरत है। यह रास्ता स्किल बेस्ड शिक्षा से ही निकलेगा। अपने प्रतिभा, बाजार एवं संसाधनों के एक नैसर्गिक केंद्र के रूप में भारत 21वीं सदी की वैश्विक आकांक्षाओं को पूरा करने में एक अहम भूमिका निभा सकता है। इंटरनेट और वैश्विक कनेक्टिविटी ने हमें वैश्विक जरूरतों के बारे में सोचने का एक अवसर दिया है। जी-20 सम्मेलन भारत के लिए एक मौका है, जिसमें वह अपनी मानव संसाधन क्षमता को संप्रेषित कर सकता है। आज भारत को अपने विशाल उच्च शिक्षा संसाधनों का इस्तेमाल परंपरागत डिग्री के बजाय स्किल आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए करना चाहिए। भारत में कौशलयुक्त व दक्ष कार्यबल का वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता है। सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश बनने के बाद सरकार पर महती जिम्मेदारी है कि वह भारत के कार्यबल का अधिक से अधिक सदुपयोग करे। इसके लिए भारत चीन से सीख सकता है। चीन ने अपने 95 फीसदी कार्यबल का सदुपयोग राष्ट्र निर्माण व वेल्थ क्रिएशन में किया है। आने वाले कुछेक दशक में भारत के पास सबसे अधिक युवा कार्यबल होगा, जबकि चीन इस मामले में पिछड़ जाएगा, इसलिए भारत को अपने कार्यबल को मौजूदा जरूरत के मुताबिक अधिक शिक्षित, प्रशिक्षित, कौशल व दक्ष बनाते रहने के लिए सतत एजुकेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर व शैक्षिक तंत्र का निर्माण करना चाहिए।



# गांव के विकास में एक 'नया अध्याय'

**पंचायती राज दिवस**
नरेंद्र सिंह तोमर

पंचायती राज संस्थाओं के अथक परिश्रम के बल पर हम ग्रामीण स्तर पर सतत विकास लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में तेजी से अग्रसर हुए हैं। इसमें गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका युक्त गांव, स्वथ्य गांव, बाल हितैषी गांव, जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर अधोसंरचना से युक्त गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासित गांव एवं महिला हितैषी गांव बनाने का ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है। भारत सरकार के 21 संबद्ध मंत्रालयों के 26 विभागों के साथ ही राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से पंचायती राज संस्थाएं इस लक्ष्य को समय से पूर्व प्राप्त करने की दिशा में तेजी से चल पड़ी हैं।

राष्ट्र का चतुर्दिक विकास, सर्ववर्ग का कल्याण और वैश्विक स्तर पर भारत का मान, यह एक ऐसी त्रिवेणी है जो आजादी के इस अमृतकाल में हमें भारत भूमि पर फूटती दिखाई दे रही है। यह भारत उत्थान का एक नया अध्याय है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में आजादी के इस अमृतकाल में लिखा जा रहा है। वस्तुतः देखा जाए तो विगत 9 वर्ष मोदी जी के नेतृत्व में भारत के उत्कर्ष, नव उदय और उत्थान के वे स्वर्णिम अध्याय हैं जो भविष्य के आत्म निर्भर भारत की बुनियाद बन रहे हैं। स्वतंत्रता के 75 वर्ष के बाद के आगामी 25 वर्ष के समय को 'अमृत काल' की संज्ञा दी गई है। इस अमृतकाल में हमारी पंचायती राज व्यवस्थाओं का भी सशक्तिकरण इस प्रभाव के साथ हुआ है कि लोकतंत्र की सबसे जमीनी इकाई हमारी 'ग्राम पंचायतें' आज सबसे सशक्त संस्था के रूप में उभरते हुए ग्रामीणों को आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय प्रदान करने के साथ ही सेवा प्रदाता के रूप में भी अपनी बेहतर भूमिका निभा रही हैं।

24 अप्रैल 2023 को हम त्रिस्तारीय पंचायती राज व्यवस्था के लागू होने की 30 वीं वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं। यह तीन दशक पंचायती राज व्यवस्था के लिए कई मायनों में महत्पूर्ण रहे हैं। विगत 9 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने यह प्रयास किया है कि ग्राम स्वराज की अवधारणा को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए 3 एफ-फंड (निधि), फंक्शन (कार्य) और फंक्शनरी (पदाधिकारी) का सीधा हस्तांतरण पंचायत स्तर पर करके उन्हें एक सशक्त स्वायत्त शासी संस्था के रूप में विकसित किया जाए।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 तक अधिक समानतावादी, अधिक संपन्न और अधिक संरक्षित विश्व बनाने के लिए 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पूरी दुनिया में हासिल करने का संकल्प लिया है। भारत भी इस संकल्प में एक हस्ताक्षरकर्ता है। चूंकि भारत की लगभग 68 फीसदी आबादी गांवों मे निवास करती है, इसलिए यह आवश्यक है कि हम ग्रामीण स्तर पर एसडीजी को प्राप्त करना सुनिश्चित करें। पंचायती राज संस्थाओं के अथक परिश्रम के बल पर हम ग्रामीण स्तर पर सतत विकास लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में तेजी से अग्रसर हुए हैं। इसमें गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका युक्त गांव, स्वथ्य गांव, बाल हितैषी गांव, जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर अधोसंरचना से युक्त गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासित गांव एवं महिला हितैषी गांव बनाने का ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है। भारत सरकार के 21 संबद्ध मंत्रालयों के 26 विभागों के साथ ही राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से पंचायती राज संस्थाएं इस लक्ष्य को समय से पूर्ण प्राप्त करने की दिशा में तेजी से चल पड़ी हैं। अमृतकाल में उठाया गया यह कदम ऐतिहासिक है और इसके परिणाम गांवों के विकास में एक नया अध्याअय लिखेंगे। 24 अप्रैल 2020 को प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर स्वामित्व योजना का शुभारंभ किया था। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा, राज्यों के राजस्व विभाग और सर्वे ऑफ इंडिया के सहयोग से संचालित यह योजना ग्रामीण क्षेत्र में एक ऐतिहासिक बदलाव लाने वाली योजना है। ड्रोन के माध्यम से ग्रामीण आबादी क्षेत्र



के हर घर का नक्शा तैयार किया जा रहा है। अब तक गांवों में रहने वाले लोगों के पास उनके मकानों के मालिकाना हक का कोई दस्तावेज नहीं था। स्वामित्व योजना के माध्यम दे दिया जा रहा संपत्ति कार्ड ग्रामीणों को 'अभिलेख का अधिकार' प्रदान करता है। अब तक देश में सवा करोड़ संपत्ति कार्ड तैयार होने की उपलब्धि पर 24 अप्रैल 2024 को रीवा में प्रधानमंत्री जी मध्यप्रदेश के 9 लाख ग्रामीण परिवारों को संपत्ति कार्ड प्रदान करेंगे।

प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शिता से इसी दिशा में कृषि मंत्रालय 2019 से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के रूप में प्रतिवर्ष 6 हजार रुपए तीन किस्तों में किसानों को प्रदान कर रहा है। अब तक देश के लगभग 11 करोड़ किसानों को 2.40 लाख करोड़ रुपए से अधिक प्रदान किए गए हैं। प्रधानमंत्री जी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। मिलेट यानि श्रीअन्न (मोटा अनाज) अत्यधिक पौष्टिक है। श्री अन्न की खेती छोटे एवं मझोले किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का भी एक बड़ा साधन बनेगी। कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान सहित कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का कुल बजट इस बार लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपए का है। इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के लिए 60 हजार करोड़ रु., किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लिए 23 हजार करोड़ रु., डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन को बढ़ावा देने के लिए 450 करोड़ रु. तथा टेक्नोलॉजी द्वारा कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के संबंध में लगभग 600 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। प्राकृतिक खेती के लिए इस साल बजट में 459 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। आगामी 3 वर्षों में देश के 1 करोड़ किसानों को सहायता प्रदान की जाएगी। छोटे-मझौले किसानों को एफपीओ के जरिए संगठित करते हुए उन्हें खेती-किसानी से संबंधित सभी सुविधाएं मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए 10 हजार नए एफपीओ बनाए जा रहे हैं। ग्राम पंचायतें अपनी ग्राम पंचायत विकास योजना में एफपीओ के गठन का लक्ष्य रखकर कृषि विभाग के साथ समन्वय से किसानों के कल्याण में यह कार्य कर रही हैं।

विगत 9 वर्षों में ग्रामीण भारत के परिदृश्य में अभूतपूर्व सकारात्मक परिवर्तन दृष्टिगोचर हुआ है। कई गांव आज अपने सुनियोजित विकास के बल पर शहरों से टक्कर लेने की स्थिति में आने लगे हैं। जो सड़कें गांव से शहर की ओर जाती थीं, आज वे शहरों से गांव की ओर भी लौट रही हैं। प्रधानमंत्री जी का संकल्प था हर गरीब का अपना पक्का मकान हो। अब तक लगभग 3 करोड़ ग्रामीण परिवारों को अपनी छत दिलाने का संकल्प पूर्ण हो चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना को और तेज गति देते हुए इस साल इसका बजट करीब 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79 हजार करोड़ रु. किया गया है।

प्रधानमंत्री जी ने पिछले साल राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस (24 अप्रैल 2022) को अमृत सरोवर योजना का शुभारंभ किया था। एक वर्ष में इस दिशा में भगीरथी प्रयास पंचायतों एवं अन्य हितधारकों के द्वारा किए गए और परिणामस्वरूप अब तक लगभग 40 हजार अमृत सरोवर देशभर में बन कर तैयार हो गए हैं, जो कि लक्ष्य का 80 प्रतिशत है।

'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना के साथ प्रधानमंत्री मोदी आत्मनिर्भरता से युक्त एक ऐसे राष्ट्र का पुनर्निर्माण कर रहे हैं जहां सभी के लिए समान अवसर हों। अमृतकाल में सशक्त होती हमारी पंचायती राज व्यवस्था इस बात का प्रमाण है कि शक्तियों का हस्तांतरण जमीनी स्तर पर किया गया है और केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में पंचायतों ने भी पूर्ण पारदर्शिता और प्रभाव के साथ गांवों के विकास में अपनी गंभीरता दिखाई है।

(लेखक केंद्रीय कृषिमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

डॉ. अशोक कुमार जायसवाल



# पंचायती राज व्यवस्था लोकतंत्र का आधार

पंचायती राज व्यवस्था के इतिहास का उल्लेख आजादी के इस अमृत काल से लगभग 4000 ई. पूर्व भारत के वेदों, ग्रन्थों एवं काव्यों में मिलता है। भारत में लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का सजीव एवं साकार स्वरूप पंचायती राज व्यवस्था स्वंतत्रता के पश्चात ही दृष्टि गोचर हुआ। पंचायतीराज की परिकल्पना, स्वरूप एवं उसके माध्यम से ग्रामीण विकास की अवधारणा वैदिक काल से भी पूर्व की है। वैदिक काल में तत्कालीन राजा पंचायतों के माध्यम से राज कार्य का दायित्व निर्वहन करते रहे। इस दौरान ग्राम का प्रमुख ग्रामीण होता था जो पंचायतों का प्रमुख था। बौद्ध काल में ग्राम परिषदों की स्थापना की गई, मौर्यकाल में पंचायतों का कार्य क्षेत्र विस्तृत हो गया, गुप्त काल में ग्रामसभा का प्रमुख ग्रामीण होता था, राजपूत काल में पंचायतों का महत्व घट गया और सामन्तों का अधिकार एवं सत्ता आ गई, मध्यकाल के दौरान राज्य की सबसे छोटी ईकाई गांव थी, मुगलकाल में गांव प्रशासन की सबसे छोटी इकाई थी, दसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में दक्षिण में पंचायतें पूर्ण अस्तित्व में थीं। ब्रिटिश शासनकाल में भारत की शासन प्रणाली को तहस-नहस करने में सर्वप्रथम पंचायत व्यवस्था को चुना गया, परन्तु यह शासन प्रणाली टूटी नहीं और उसका स्वरूप बिरादरी ने ले लिया अंग्रेजों ने पंचायत के महत्व को समझा और 1920 ईसवी में सभी प्रान्तों में पंचायत अधिनियम पारित कर उसे सीमित अधिकार के साथ क्रियान्वित किया। ब्रिटिश सरकार द्वारा विक्रेन्द्रीकरण के लिए रॉयल समिति का गठन किया।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 25 वें अधीवेशन 1910 के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं ने ब्रिटिश सरकार से पंचायतों की स्थापना की मांग रखी। ब्रिटिश सरकार द्वारा भारतीय नेताओं के दबाव में आकर विभिन्न प्रान्तों में पंचायतों के अधिकार को लागू किया यथा-बंगाल स्थानीय सरकार अधिनियम 1919, मद्रास स्थानीय सरकार अधिनियम 1920, बंबई पंचायत अधिनियम 1920, उत्तरप्रदेश पंचायत अधिनियम 1920, बिहार स्व-सरकार अधिनियम 1920, सी.पी. पंचायत अधिनियम 1920, पंजाब पंचायत अधिनियम 1922, असम स्व-सरकार अधिनियम 1925, मैसूर पंचायत अधिनियम 1928, लाल, बाल, पाल, सुभाषचन्द्र बोस, दादाभाई नौरोजी, महात्मा-गांधी ने पंचायतों के गठन एवं ग्राम विकास के लिए विभिन्न आंदोलन किए। रविन्द्रनाथ टैगोर ने 1920 ई. में शांति निकेतन में ग्रामीण सुधार की दिशा में ग्रामीण विकास एवं बाल शिक्षा प्रारंभ की, महात्मा गांधी नें 1932 में सेवा ग्राम से ग्रामीणों के स्वालंबन के लिए योजनाओं का सूत्रपात किया। राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों में पंचायतीराज की अवधारणा बहुत महत्वपूर्ण है संविधान का अनुच्छेद 40 "राज्य पंचायतों के स्थापना के लिए आवश्यक कदम उठाएगा और उन्हे ऐसी शक्तियां एवं अधिकार प्रदान करेगा जो उन्हें स्वायत शासन की इकाई के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक है।


भारत में लोकतांत्रिक विक्रेन्द्रीकरण की दिशा में पंचायतीराज की स्थापना एवं सामुदायिक विकास की शुरूआत 1952 में 02 अक्टूबर से प्रारंभ की गई, 2 अक्टूबर 1959 को भारत के प्रधानमंत्री पंड़ित नेहरू ने राजस्थान के नागौर जिले में पंचायती राज का उद्घाटन कर ग्रामीण विकास के प्रथम चरण की शुरूआत की। 11 अक्टूबर 1959 को पंड़ित नेहरू नें आंध्रप्रदेश में इसका सूत्रपात किया। आंध्रप्रदेश में यह त्रिस्तरीय पंचायतीराज प्रणाली थी, इसके बाद 1960 में असम, मद्रास कर्नाटक सन 1962 में महाराष्ट्र, सन 1964 में पश्चिम बंगाल और इसके बाद दूसरे राज्यों में प्रारंभ हुआ। आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय की स्थापना तथा स्थानीय प्रशासन को उत्कृष्ट बनाएं रखने के लिए 1957 में बलवंत राय मेहता समिति गठित की गई। बलवंत राय मेहता समिति की सिफारिश को और प्रभावी बनाने के लिए अशोक मेहता समिति, राव समिति एवं सिघवीं समिति का गठन किया।

वर्ष 1989 में भारत सरकार ने संविधान के भाग-09 में पंचायतों को शामिल करने के लिए लोकसभा में 64 वें संविधान संशोधन विधेयक को प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा प्रस्तावित किया गया था, जो पारित नहीं किया गया। प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव ने 1991 में 72वें संशोधन को पेश किया, जिसे 22 दिसंबर 1992 को स्वीकृति दी गयी, 23 दिसंबर 1992 को राज्यसभा ने इस संशोधन विधेयक को स्वीकृति प्रदान की तत्पश्चात 17 राज्यों की विधान सभाओं ने इस विधेयक का समर्थन किया। पंचायतीराज आधुनिक भारत में 24 अप्रैल 1993 को लागू हुआ 73वां संविधान संशोधन आधुनिक भारत के इतिहास में मिल का पत्थर है, प्रदेश के 27 जिला पंचायतों, 146 जनपद पंचायतों एवं 11656 ग्राम पंचायतों में बसे ग्रामीण परिवार तेजी से विकास के नये कीर्तिमान गढ़ रहे है, इसके लिए प्रदेश सरकार के साथ मिलकर पंचायतों ने कड़ी मेहनत की है। 73वें संविधान संशोधन के 03 वर्ष पश्चात अनुसूचित क्षेत्रें में पंचायतों का विस्तार अधिनियम 1996 लागू किया गया। प्रदेश की लगभग 50 प्रतिशत पंचायत अनुसूचित क्षेत्रें में आती है।

ई–गवर्नेंस के द्वारा पंचायतों को सशक्त करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को देश में वर्ष 2019, वर्ष 2020, वर्ष 2021 में लगातार द्वितीय ई–पंचायत पुरस्कार से भारत सरकार द्वारा नवाजा गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश में ई–पंचायत की उपलब्धियों के अंतर्गत डिजिटल हस्ताक्षर द्वारा ऑनलाइन भुगतान के लिए प्रदेश के सभी 11656 ग्राम पंचायत के संरपच एवं सचिवों को जोड़ा गया है। ई–ग्रामस्वराज मोबाइल एप्प द्वारा कार्य आधारित लेखाकंन का संपूर्ण विवरण ई–ग्रामस्वराज पोर्टल पर ऑनलाइन जनसामान्य हेतु उपलब्ध किया गया है। लोकल गवर्नमेंट डायरेक्टरी द्वारा प्रदेश के समस्त 20588 ग्रामों को एल.जी.डी. कोड द्वारा सॉफ्टवेयर के माध्यम से जोड़ा गया है, इस डायरेक्टरी से ई–पंचायत के समस्त अनुप्रयोगों को देखा जा सकता है।

*-ठाकुर प्यारेलाल, राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान संकाय सदस्य (पंचायती राज) निमोरा, रायपुर (छ.ग.)*

# मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित
**दर्शन**

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके।


# सफलता मिले तो अहंकार न करें



संकलित
**प्रेरणा**

रामायण और महाभारत में परशुराम का जिक्र है। रामायण में परशुराम जी और श्रीराम की भेंट हुई थी, उस समय परशुराम गुस्से में थे और श्रीराम ने उनका गुस्सा शांत किया था। रामायण में सीता जी कार हो रहा था। स्वयंवर शर्त पूरी करने के लिए श्रीराम ने धनुष उठाया और उसकी प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तभी धनुष टूट गया। इसके बाद स्वयंवर में परशुराम जी पहुंच गए। परशुराम जी को देखकर स्वयंवर में मौजूद सभी राजा डर गए।परशुराम जी ने देखा कि धनुष टूटा हुआ है तो वे गुस्सा हो गए और उन्होंने घोषणा कर दी कि जिस व्यक्ति ने ये धनुष तोड़ा है, मैं उसे जीवित नहीं छोड़ूंगा। स्वयंवर में बैठे हुए राजा आपस में बातें करने लगे कि अब ये दो राजकुमार (राम और लक्ष्मण) नहीं बचेंगे। परशुराम को गुस्से में देखकर लक्ष्मण आगे आए। लक्ष्मण भी गुस्सा हो गए। दोनों की बहस होने लगी। तब श्रीराम ने दोनों की शांत किया। परशुराम जी से सभी डरते थे। पूरा दरबार मौन था। परशुराम जी ने श्रीराम से कहा कि अगर तुम इतने समर्थ हो तो मेरे शस्त्रों को चला कर बताओ। परशुराम जी कुछ और कहते इससे पहले ही उनका फरसा और धनुष खुद ही श्रीराम के पास पहुंच गए। श्रीराम का शांत स्वभाव और उनके पास अपने धनुष-फरसे को देखकर परशुराम समझ गए कि राम अवतार हो चुका है। अब मेरे अधूरे काम राम पूरे करेंगे, अधर्म का नाश करके, धर्म की स्थापना करेंगे। इस घटना के बाद परशुराम बिल्कुल शांत हो गए और वहां से चले गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जनसंख्या वृद्धि को रोकें

इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जा सकता है कि देश जून 2023 में जनसंख्या के मामले में चीन को पछाड़ कर उससे आगे हो सकता है, यानी भारत दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन सकता है। जनसंख्या की बढ़ोतरी के लिए क्या जनता को ही दोषी ठहराया जा सकता है? या फिर जनता और सरकार दोनों को? ऐसा लगता है कि जनता और आती–जाती सरकारें दोनों को ही दोषी ठहराया जा सकता है। देश की आजादी के कुछ साल बाद परिवार नियोजन पर सरकार ने तवज्जो देना शुरू किया और देश इसमें सफलता की सीढ़ियां चढ़ता रहा। एमरजेंसी के दौरान भी परिवार नियोजन जोरों से चलता रहा, लेकिन कुछ ज्यादतियां होने की शिकायतों की वजह से रफ्तार धीमी पड़ गई। अब अनिवार्य रूप से जनसंख्या वृद्धि को रोकना होगा। *– पीयुष गोयल, रायगढ़*

## ट्रेंड

### खिलाड़ियों को माहौल देंगे



खेलो इंडिया के 5 साल पूरे होने के मौके पर हम खेल प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच देने में इस पहल द्वारा निभाई गई भूमिका को स्वीकार करते हैं। हमारी सरकार भारत में खेलों के फलने-फूलने के लिए आदर्श माहौल तैयार करना जारी रखेगी।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### चेतना की शक्ति



एक उल्लेखनीय संत जो भक्ति के प्रकाश से जीते थे। अपनी नि:स्वार्थ भक्ति और स्पष्ट ज्ञान के माध्यम से, बसव मानव चेतना की शक्ति के प्रकाश स्तंभ के रूप में खड़े हैं।

**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**


### लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि



पंजाब की आप सरकार किसी भी हालत में पंजाब की शांति भंग नहीं होने देगी। लोगों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। हमने दिखा दिया कि ज़रूरत पड़ने पर लोगों के लिए हम सख़्त से सख़्त कदम लेने की भी हिम्मत रखते हैं। सब शांति बनाये रखें।

**-संजय सिंह, आप सांसद**

### खुद पर ध्यान दें



तुम्हे करना चाहिए। खुद पर ध्यान दें। अपने सपनों के लिए काम करें। आप खुद कीजिए। आप जो हैं उसके लिए खुद को स्वीकार करें। दूसरों से ध्यान आकर्षित करने के लिए जीना या अपने जीवन को उनकी स्वीकृति के अनुसार जीना, आप लंबे समय में केवल खुद को दुखी करेंगे।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# ताइवान के विदेश मंत्री बोले 2027 में हमला करेगा चीन



ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू ने दावा किया है कि चीन उनके देश पर 2027 तक हमला कर देगा। चीन से लगातार मिल रही धमकियों के बीच वू ने एक इंटरव्यू दिया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'हम चीन की मिलिट्री के खतरे को गंभीरता से ले रहे हैं। हमें लग रहा है कि 2027 वो साल होगा जब हम पर हमला हो सकता है। ताइवान इस लड़ाई के लिए तैयारी कर रहा है।' उन्होंने ये भी कहा कि ताइवान को उन्हीं के जैसी विचारधारा वाले देश ही चीन के हमले से बचा पाएंगे। यहां अपने जैसी विचारधार से उनका मतलब ब्रिटेन और अमेरिका से है। जो ताइवान को सैन्य सहायता देते रहे हैं। ताइवान के विदेश मंत्री का ये बयान तब आया है जब चीन के विदेश मंत्री किन गैंग ने कहा था कि जो ताइवान के मामले में आग से खेल रहे हैं, वो खुद को ही जला लेंगे। उन्होंने आगे कहा था कि चीन कभी भी किसी ऐसी बात को नहीं मानेगा जिससे उनकी सुरक्षा और संप्रभुता के साथ खिलवाड़ हो। वहीं, ताइवान के विदेश मंत्री से पहले अमेरिका की इंटेलिजेंस सीआईए के डायरेक्टर विलियम बर्न ने भी दावा किया था कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने देश की सेना को 2027 तक ताइवान पर कब्जा करने के लिए तैयार रहने के आदेश दिए हैं।

## ऑफ बीट

# प्राचीन डीएनए स्वाहिली लोगों की कर रहा है पुष्टि



मध्यकालीन स्वाहिली सभ्यता की विरासत पूर्वी अफ्रीका में असाधारण गौरव का स्रोत है, जो केन्या, तंजानिया और यहां तक कि युगांडा और रवांडा जैसे अंतर्देशीय देशों की आधिकारिक भाषा में परिलक्षित होती है, हिंद महासागर के तट से दूर जहां संस्कृति लगभग दो सहस्राब्दी पहले विकसित हुई थी। इसके अलंकृत पत्थर और मूंगा क्षेत्र तट के 2,000 मील (3,200 किलोमीटर) तक फैले है, और इसके व्यापारियों ने अफ्रीका और समुद्र के पार की भूमि : अरब, फारस, भारत, दक्षिण पूर्व एशिया और चीन के बीच आकर्षक व्यापार में मुख्य भूमिका निभाई। दूसरी सहस्राब्दी के अंत तक, स्वाहिली लोगों ने इस्लाम को गले लगा लिया, और उनकी कुछ भव्य मस्जिदें अभी भी केन्या में लामू और तंजानिया में किलवा के यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों पर खड़ी हैं। 1500 के दशक में पुर्तगाली उपनिवेशीकरण के बाद स्व–शासन समाप्त हो गया, बाद में नियंत्रण ओमानिस (1730–1964), तांगानिका में जर्मन (1884–1918) और केन्या और युगांडा (1884–1963) में ब्रिटिश में स्थानांतरित हो गया। स्वतंत्रता के बाद, तटीय लोगों को सोमालिया, केन्या, तंजानिया, मोज़ाम्बिक और मेडागास्कर के आधुनिक राष्ट्रों में समाहित कर लिया गया।



सितारा न्यूज ब्रीफ

## केसरिया पदयात्रा का रींगस में हुआ स्वागत



**रींगस(अरविन्द कुमार)।** विदेशी संस्कृति से देश को बचाने के लिए केलवाड़ा से दिल्ली इंडिया गेट तक केसरिया पदयात्रा कर क्रांतिकारी युवा अजयराज सिंह चौहान के रींगस पहुंचने पर भैरुजी मोड़ पर भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष एडवोकेट गिरिराज सिंह तंवर के नेतृत्व में कस्बे वासियों द्वारा स्वागत किया गया। अजयराज सिंह चौहान मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने और संस्कृति को मजबूती प्रदान करने के लिए पुराण, ग्रंथ, वेद आदि का पठन करवाया जाना चाहिए। गौरतलब है कि अजयराज सिंह चौहान हनुमान जी जन्मोत्सव से संकल्प लेकर केलवाड़ा से केसरिया पदयात्रा के लिए एक संदेश लेकर निकले हैं जो इंडिया गेट नई दिल्ली जाकर केसरिया लहरा कर अपनी यात्रा का समापन करेंगे। वहीं हनुमान जन्मोत्सव पर कुंभलगढ़ दुर्ग पर अजयराज सिंह चौहान द्वारा केसरिया ध्वज फहराया जा रहा था उस समय प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा ध्वज फहराने से रोका गया जिसका भी जमकर विरोध किया जा रहा है।

## शराब गोदाम की आड़ में खुलेआम संचालित अवैध ब्रांच, विभाग मौन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा (बहरोड)।** क्षेत्र के गूँती फ्लाईओवर के पास कांकर छाजा बस स्टैंड के समीप शराब ठेकेदारों ने अपनी मनमानी चलाते हुए महज 20 मीटर की दूरी में दो शराब ब्रांच संचालित कर रखी है। इधर आबकारी अधिकारी बहरोड़ लोकेश कुमार का कहना है कि यह दोनों गूँती व तसिंग गांव की आवंटित शराब दुकाने है। गोदाम में शराब बेच नही सकते। जानकारी मिली है। गोदाम में शराब बेचते मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। जबकि गूँती गांव में फ्लाईओवर के पास एक ओर अन्य दुकान संचालित है। जिसमें खुलेआम शराब बेची जा रही है। वहीं शेरपुर के पास तसिंग के नाम से शराब दुकान संचालित है। सरकार के नियमानुसार गोदाम में शराब सजाकर नही रख सकते व गोदाम से शराब नही बेच सकते। जानकारी अनुसार नेशनल हाइवे पर जैनपुरवास से बहरोड़ के बीच केवल गूँती शराब दुकान के रूप में आवंटित है। जबकि वर्तमान में हाइवे पर चाय की दुकान की भांति पीले रंग की दर्जनभर अवैध शराब दुकान नजर आएंगी। साथ ही शराब ठेकेदारों की ओर से सरकार द्वारा निर्धारित समय के बावजूद रातभर शराब बेची जा रही है ऐसे में रात्रि के समय अपराधियों को आसानी से शराब उपलब्ध होने पर शराब के नशे में विभिन्न प्रकार की वारदातों को अंजाम देते हैं।

## महंगाई राहत शिविर का हुआ शुभारंभ, आमजन को मिलेगी राहत




सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की महत्वकांक्षी योजना महंगाई राहत शिविर की आमजन तक पहुंच को लेकर आयोजित होने वाले शिविर का शुभारंभ किया गया। ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष सुरज्ञान धाबाई ने बताया कि कस्बे में नगरपालिका कार्यालय सहित वार्ड संख्या 2 में देव नगर में कैंप आयोजित किए गए जिसमें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आमजन जागरूक नजर आया। वहीं स्थानीय विधायक एवं राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष महादेव सिंह खंडेला ने भी महंगाई राहत शिविर का लाभ लेने के लिए आमजन से अपील की। गौरतलब है कि प्रदेश में दिनोंदिन बढ़ रही महंगाई से आमजन त्रस्त नजर आ रहा है जिससे राहत देने के लिए राज्य सरकार द्वारा महंगाई राहत शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## गंगापुर के नांदशा में खेत में लगी आग

सितारा न्यूज नेटवर्क

**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार ।** सहाड़ा ग्राम पंचायत के नांदशा गांव में सोमवार सुबह खेत में आग लगने से वहां अफराह तफरी मच गई। आग लगने से घास सहित अन्य सामान जल गया। जानकारी के अनुसार नांदशा गांव में नारायणलाल जाट के खेत में सोमवार सुबह करीब 11 बजे अचानक आग लग गई,जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। खेत से धुआं उठता देख लोगों ने मौके पर पहुंचकर आसपास के जल स्त्रोतों से पानी डाल आग बुझाने की कोशिश की किंतु तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की सूचना पर नगर पालिका गंगापुर के दमकल कर्मी शंकरलाल माली सहित अन्य ने मौके पर पहुंचकर दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। किंतु तब तक खेत में रखा घास,पेड़ पौधे,लकडीया आदि जलकर राख हो गए।



# पंच पीपलेश्वर महादेव मंदिर में टीन-शेड का हुआ लोकार्पण

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर शहर में सबकी सेवा सबको प्यार के उद्देश्य से नवगठित महावीर इंटरनेशनल रॉयल की प्रेरणा से स्व. उत्तम चंद सखलेचा की पुण्य स्मृति में सुनील






कुमार पंकज कुमार सखलेचा परिवार द्वारा बजारी गली में स्थित पंच पिपलेश्वर महादेव मंदिर में जनहितार्थ टीन शेड का निर्माण करवा कर मंदिर प्रबंधन को समर्पित किया गया। संस्था के चेयरमैन वीर अशोक पालडेचा ने बताया कि संस्था अपने गठन से ही सेवा कार्य में अग्रणी रही हैं। जब संस्था को मंदिर प्रांगण में धूप एवं बारिश से बचाव हेतु टिन शेड की आवश्यकता की जानकारी हुई तो संस्था सदस्य वीर पंकज सखलेचा द्वारा टीन शेड निर्माण का दायित्व अपने ऊपर लेकर मंदिर में टीन शेड लगवाया गया। सचिव वीर रूपेश कोठारी ने बताया कि इस अवसर पर गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर धनपत श्रीश्रीमाल, जोन कोषाध्यक्ष वीर महावीर बिनायकिया की गरिमामय उपस्थिति में टीन शेड का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम संयोजक वीर हेमेंद्र छाजेड़ एवं वीर मनोज रांका थे। इस अवसर पर पंडित विजय जी, वीर अभिषेक नाहटा, वीर दिलीप बी. भण्डारी, वीर योगेन्द्र मेहता, वीर प्रदीप मकाना, वीर अमित बाबेल, वीर अमित मेहता, वीर नरेन्द्र गेलड़ा, वीर गौतम रांका, वीर मुकेश गांग, वीर श्रेणिक बिनायकिया, वीर राहुल बाबेल, वीर बाबूलाल आच्छा, वीर दिलीप दक, वीर जितेन्द्र धारीवाल, वीर राजकुमार पहाड़िया, वीर रवि बोहरा, वीर ज्ञानचंद कोठारी, वीर दीपचंद कोठारी आदि उपस्थित रहे।गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर धनपत श्रीश्रीमाल ने महावीर इंटरनेशनल रॉयल के सेवा कार्यो की प्रशंसा करते हुए सबको प्यार सबकी सेवा के उद्देश्य से प्राणिमात्र की सेवा में सक्रिय रूप से कार्य करते रहने का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने केंद्र के सभी सदस्यों की सक्रियता के लिए बधाई एवं साधुवाद प्रकट किया।

## विधुत विभाग के कर्मचारियों से मारपीट करने वाला गिरफ्तार

सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा (बहरोड़)।** पनियाला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोमवार को बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाला एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी देते हुए थानाधिकारी लक्ष्मीनारायण ने बताया कि नारेडा विधुत जेईएन अजमेर जिले के खाजपुरा निवासी राकेश पुत्र रेवत मल जाखड़ा ने मामला दर्ज करवाया कि 28 मार्च को मेरे साथी कर्मचारी सुनील यादव, प्रहलाद मीणा, राकेश कुमार सैनी, राजेश कुमार सैनी, बुधराम यादव व रतन लाल सैनी के साथ गांव अजीतपुरा खुर्द चिमनपुरा में उपभोक्ता कैलाश पुत्र हनुमान गुर्जर के निगम राजस्व बकाया राशि लगभग 22 हजार रुपए वसूलने उनके घर गए थे जहां पर महिपाल उर्फ नाहर सिंह पुत्र कैलाश गुर्जर व कैलाश गुर्जर पुत्र हनुमान गुर्जर ने हमारे साथ मारपीट की व प्रहलाद मीणा को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया। व राज्य कार्य में बाधा पहुंचाई गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने एक आरोपी को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। व अन्य एक आरोपी 50 वर्षीय अजीतपुरा खुर्द निवासी कैलाश पुत्र हनुमान प्रसाद गुर्जर को गिरफ्तार किया गया है।



## नगर पालिका द्वारा महंगाई राहत कैंप चेयरमैन काल्या ने किया शुभारंभ



सितारा न्यूज नेटवर्क

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे महंगाई राहत कैंप का पालिका चेयरमैन सुमित काल्या ने वार्ड नंबर 1 धूणी पर शुभारंभ किया! महंगाई राहत कैंप एवं प्रशासन शहरों के संग अभियान का शुभारंभ कर आमजन को राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के लिए प्रेरित किया। साथ ही राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा आमजन के लिए दी जाने वाली सारी सुविधाओं का विस्तृत जानकारी देकर जनता से प्रत्येक योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पालिका उपाध्यक्ष सावरनाथ योगी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मधुसूदन पारीक, पार्षद रामदेव खारोल,सलीम बाबू ,लोकेंद्र सिंह , गोपाल पहाड़िया, हीरालाल गुर्जर, नगरपालिका कर्मचारी व जनप्रतिनिधि वार्ड वासी मौजूद रहे।

## मुस्लिम समाज द्वारा ईद मिलन समारोह हुआ आयोजित

सितारा न्यूज नेटवर्क




**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव ।** स्थानीय मुस्लिम समाज द्वारा हुरडा रोड स्थित मदरसा मे ईद मिलन समारोह आयोजित किया गया। भाईचारे व सोहार्द के प्रतीक ईद के त्योहार पर ईद मिलन समारोह आयोजत किया गया , जिसमें सभी समाजो के लोगो ने भाग लिया व एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। कार्यक्रम में हुरडा प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़,हुरडा ब्लॉक अध्यक्ष हस्तीमल चैधरी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष केदार बैरवा,महावीर लढ़ा,नगर कांग्रेस अध्यक्ष मधुसदन पारीक, पूर्व चैयरमेन चेतन पेशवानी, पूर्व चेयरमैन धनराज गुर्जर,रामदेव खारोल,सीआई गजराज चौधरी, तरुण कच्छावा बिजयनगर,मयूर मिल विधि महाप्रबंधक पवन गुप्ता,निहालचंद संचेती, फतह सिंह,पुखराज जाट, जामा मस्जिद सदर साकिर भाई, पूर्व सदर इलियास भाई , कलाम भाई, सजनाबाद सदर हाजी निजामुद्दीन, विजयनगर सदर दाऊद कुरेशी, कानिया सादर चांद मोहम्मद, जामा मस्जिद नायब सदर मोहम्मद रईस कुरैशी,सेकेट्री सलीम मंसूरी, हाजी गफ्फार, सलीम ठेकेदार, उमेद खां,मोहम्मद कायमखानी,असलम लोहार पार्षद सलीम बाबू, एडवोकेट शरीफ गोरी ,पार्षद प्रतिनिधि गोपाल कुम्हार, पार्षद महेंद्र सिंह राठौर, पार्षद महेंद्र सिंह चुंडावत,पार्षद गुलजार पठान, पार्षद सलाम भाई, पार्षद अफजल भाटी, जावेद शेख हुसैन लोहार,जाकिर रंगरेज सहित गणमान्य लोग और मुस्लिम समाज के गुलाबपुरा, सजनाबाद,विजयनगर, हुरडा, कानिया,आगूचा,लक्ष्मीपुरा के गणमान्य लोग मौजूद रहे ।मंच का संचालन मौलाना मुमताज कादरी ने किया।

# गांधीनगर जयपुर स्टेशन बना उत्तर और पश्चिम रेलवे का चौथा ईट राइट स्टेशन

### एफएसएसएआई द्वारा दिया दर्जा

सितारा न्यूज नेटवर्क







**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के गांधीनगर जयपुर स्टेशन को एफएसएसएआई द्वारा ईट राइट स्टेशन का दर्जा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि गांधीनगर जयपुर उत्तर पश्चिम रेलवे का चौथा स्टेशन है, जिसे ईट राइट स्टेशन सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। इससे पूर्व उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर, अजमेर और अलवर रेलवे स्टेशनों को ईट राइट स्टेशन का दर्जा प्रदान किया गया था। खाद्य सुरक्षा के नियमानुसार लगभग 8 माह से चरणबद्ध तरीके से जयपुर की एफएसएसएआई टीम और उत्तर पश्चिम रेलवे की टीम इसके लिए प्रयासरत थे। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार महाप्रबन्धक विजय शर्मा के दिशा निर्देशों से इस चरण में उत्तर पश्चिम रेलवे पर खानपान सेवाओं की मानक गुणवत्ता हेतु गांधीनगर जयपुर स्टेशन को चयनित कर सभी एफबीओ को सूचीबद्ध किया गया तथा सभी एफबीओ के पास एफएसएसएआई खाद्य लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। स्टेशन पर प्री ऑडिट चेक लिस्ट के अनुसार कमियों की जानकारी प्राप्त कर उन्हें दूर किया गया तथा सभी सुपरवाईजर्स एवं फूड हेंडलर्स को हाईजीन, स्वच्छता, न्यूट्रीशनल, फूड वैल्यू, टेम्परेचर मेंटेनेंस, हेल्दी एवं सीजनल फूड की उपलब्धता जैसे विषयों पर प्रशिक्षण देकर सभी को फोस्टेक प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट प्रदान किये गये। प्री-ऑडिट व फाइनल ऑडिट के उपरांत गांधीनगर जयपुर स्टेशन को ईट राइट स्टेशन का दर्जा 2 वर्षों के लिए प्रदान किया गया है। इसके लिए प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक पी.सी. मीना, संयुक्त खाद्य सुरक्षा आयुक्त उ. प. रेलवे डॉ. लक्ष्मी मीना, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जयपुर तरुण सैनी, तथा मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, मुख्यालय प्रदीप कुमार एवं प्रधान कार्यालय फूड सेफ्टी टीम का विशेष योगदान रहा।

## गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने मनरेगा कार्यो का बदला समय

### अब मनरेगा का समय प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे (विश्राम काल रहित) तक रहेगा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** राजस्थान सरकार ने गर्मी के मौसम और आमजन के हित को ध्यान मे रखते हुए मनरेगा योजना के कार्य समय मे बदलाव करते हुए सुबह 6 बजे से दोपहर 01 बजे तक विश्राम रहित रखा गया है। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से 15.7.2023 तक प्रभावी रहेगी इसके उपरान्त कार्यों का समय जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक (ईजीएस) स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए अधिनियम के प्रावधान के तहत अपने स्तर से निर्धारित कर सकेंगे। आदेश की प्रति तुरंत प्रभाव से लागु कराने के लिए समस्त कलेक्टर्स को भेज दी गई है और समस्त जिला परिषद सीईओ को तथा शहरी क्षेत्र के लिए भी भेज दी गई है सम्बन्धित नगरपालिका , नगरपरिषद सहित सभी सम्बन्धित अधिकारियो को को भी प्रेषित कर दी गई है। कार्य के दौरान यदि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो यह कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टररोल में अंकित टास्क प्रपत्र में करवाने के उपरान्त एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर के उपरान्त कार्य स्थल छोड़ सकता है।

# राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय दौसा ने किया धरना प्रदर्शन

### शिक्षकों की मांगों के प्रति राज्य सरकार के सामने रखा प्रस्ताव

सितारा न्यूज नेटवर्क





**जयपुर/दौसा।** शिक्षकों की मांगों के प्रति राज्य सरकार के निरंतर उपेक्षा पूर्ण रवैया के विरोध में सोमवार को राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार शर्मा के नेतृत्व में शहीद स्मारक पर प्रदेश व जिला कार्यकारिणी प्रशिक्षक प्रतिनिधियों का एक दिवसीय धरना दिया गया। संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम व प्रदेश संगठन मंत्री प्रहलाद ने संगठन की 11 सूत्री मांगों को लेकर दिए जा रहे धरने के संबंध में जानकारी दी कि संगठन ने शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार विभिन्न माध्यमों से ध्यान आकर्षित किया प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि 380 उप शाखाओं के माध्यम से विधायकों तथा सांसदों को ज्ञापन दिया गया एवं प्रेस वार्ता की गई। शिक्षकों की विभिन्न मांगों पर सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही सरकार द्वारा वातालर्प करने के लिए प्रदेश कार्यकारिणी के प्रतिनिधियों को बुलाया गया। प्रदेश कार्यकारिणी ने उनके समक्ष अपनी मांगों को रखा अगर जल्द सरकारी मांगों को नहीं करती है तो आगे आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। अतिरिक्त महामंत्री रवि आचार्य मंत्री अरुणा व्यास संयुक्त मंत्री शिव शंकर शर्मा जयपुर मंडल उपाध्यक्ष अशोक शर्मा आदि ने बताया कि अगर समय रहते हो सरकार 11 सूत्री मांगों को पूरा नहीं करती है तो प्रत्येक जिले से क्रमिक रूप में धरना लगाया जाएगा दोसा जिला प्रवक्ता दिनेश पारीक ने बताया कि दोसा से धरना देने के लिए कार्यकताओं को 100 कार्यकर्ता उपस्थित हुए थे दोसा जिला संगठन मंत्री राजकुमार नेताओं ने बताया कि पूरे प्रदेश से 800 कार्यकताओं ने भाग लिया दोसा जिला अध्यक्ष अवधेश शर्मा विभाग संगठन मंत्री कालूराम मीणा विभाग संगठन मंत्री गुलाबचंद शर्मा जिला मंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष परीक्षित शर्मा प्रदेश प्रतिनिधि किशोर कुमार सैनी पूर्व जिला अध्यक्ष हनुमान सहाय शर्मा गोविंद सहाय शर्मा सुनील कुमार गुप्ता सुरेंद्र जांगिड़ आदि 100 कार्यकताओं ने भाग लिया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।



## कार्तिकेयन की 'अयलान' दीवाली के मौके पर होगी रिलीज...

**मुंबई।** आर रविकुमार की लिखित और निर्देशित 24एएम स्टूडियो के आरडी राजा की निर्मित और अभिनेता शिवकार्तिकेयन की फैंटेसी एंटरटेनर 'अयलान' ने घोषणा के बाद से ही फैंस को काफी उत्साहित रखा है। अब केजेआर स्टूडियोज के कोटपड़ी जे राजेश ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि फिल्म इस साल दीवाली के मौके पर दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। केजेआर स्टूडियोज ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हम यह घोषणा करने के लिए काफी उत्साहित हैं कि हमारा पैशेन प्रोजेक्ट अयलान, तमिल , तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषा में दीवाली 2023 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगा। हमने इस फिल्म में अपना दिल और आत्मा झोंक दी है।

लाइफ Style



# कृति
## सादगी पर फैन हुए फिदा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में शुमार कृति सेनन काफी लंबे समय से सोशल मीडिया पर किसी न किसी वजह से चर्चा में बनी हुई हैं। पहले उनकी आगामी फिल्म 'आदिपुरुष' से जुड़े विवाद की वजह से वह चर्चा में आई।

अपने को-स्टार और अभिनेता प्रभास के साथ डेटिंग की अफवाहों की वजह से अभिनेत्री लाइमलाइट में रहीं। अब कृति इकोनॉमी क्लास में यात्रा करने की वजह से सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेत्री का इकोनॉमी क्लास में यात्रा करने के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए है, जो काफी ज्यादा वायरल हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कृति सेनन इंडिगो एयरलाइन की इकोनॉमी क्लास में एंट्री करती नजर आ रही हैं। दूसरे वीडियो में अभिनेत्री फ्लाइट में एक बच्चे के साथ खेलती दिखाई दे रही है। दोनों वीडियो के सामने आते ही लोगों ने अभिनेत्री की तारीफ़ करना शुरू कर दिया। फैंस ने अभिनेत्री की सादगी की तारीफ़ करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं बहुत से यूजर कृति को जमकर ट्रोल करते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं यूजर्स ने अभिनेत्री के इकोनॉमी क्लास में यात्रा करने पर हैरानी भी जताई है। इसके अलावा कुछ यूजर्स ने कृति की तारीफ़ करने वाले लोगों को लताड़ लगाते हुए लिखा कि वह इकोनॉमी क्लास में इसलिए ट्रेवल कर रही है क्योंकि इंडिगो में बिजनेस क्लास नहीं होती है। कृति सेनन इंदौर में एक इवेंट अटेंड करने जा रही थी।

हॉलीवुड मसाला



## बदल दी एमसीयू की दुनिया

**लॉस एंजेलिस।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) की नए दौर कहानियों ने यह साबित कर दिया है कि बुराई के खिलाफ लड़ते के लिए महिलाएं भी उतनी ही शक्तिशाली और महत्वपूर्ण हो सकती हैं जितने कि पुरुष। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की वांडा मैक्सिमॉफ को द स्कार्लेट विच के नाम से भी जाना जाता है। युद्धग्रस्त सोकोविया में रहने के दौरान नियो-नाजी संगठन हाइड्रा एक विचित्र प्रयोग के अधीन था। इसके प्रयोग ने टेलिकाइनेसिस और मन पर नियंत्रण की उसकी शक्तियों को अनलॉक कर दिया।



## 'डीएनए वर्ल्ड टूर' पर भारत में परफॉर्म करेगा बैकस्ट्रीट बॉयज

**वाशिंगटन।** दुनियाभर को अपने 'पॉप म्यूजिक' की धुन पर नचाने वाले बैकस्ट्रीट बॉयज भारत में अपना जलवा दिखाते नजर आएंगे। जी हैं, अब तक के सबसे ज्यादा बिकने वाले बैंड्स में से एक, 'बैकस्ट्रीट बॉयज' ने हाल ही में अपने 'डीएनएन वर्ल्ड टूर' की घोषणा की है। इसी वर्ल्ड टूर में यह बैंड मई 2023 में भारत का दौरा भी करेगा। इस खबर ने बैकस्ट्रीट बॉयज के सभी फैंस को उत्साहित कर दिया है। बुक माय शो लाइव नेशन के साथ दो शहरों के दौरे पर बहुचर्चित बैकस्ट्रीट बॉयज बैंड को देश में वापस ला रहा है। बैंड 4 मई को जियो वर्ल्ड गार्डन, मुंबई और 5 मई, 2023 को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में परफॉर्मेंस देगा। दुनियाभर में अरबों लोगों का दिल जीतने वाला मशहूर बैकस्ट्रीट बॉयज बैंड 13 साल बाद भारत लौट रहा है।



## पिता के घर जाने की मिली इजाजत...

**मुंबई।** मशहूर पॉप सिंगर श्वेता शेट्टी को बॉम्बे हाईकोर्ट ने उनके पिता महलाबा रंपा शेट्टी के घर जाने की अनुमति दे दी है। साल 2015 में जर्मनी से लौटने के बाद श्वेता मुंबई अपने माता-पिता के घर में शिफ्ट हो गई थीं। मां के निधन के बाद उनके पिता घर में अकेले रह रहे थे और उनकी देखभाल के लिए श्वेता ने दो नौकरानियों को काम पर रखा था। कुछ दिन साथ रहने के बाद श्वेता के पिता ने अपने साथ बुरा बर्ताव और संपत्ति में हिस्सा मांगने के आरोप में श्वेता के खिलाफ मुंबई के एक पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद वेलफेयर ट्रिब्यूनल और मुंबई के डिप्टी कलेक्टर ने श्वेता शेट्टी को अपने पिता का घर खाली करने का आदेश दिया। श्वेता ने बॉम्बे हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की और वेलफेयर ट्रिब्यूनल और मुंबई के डिप्टी कलेक्टर के आदेश को चुनौती दी थी।




## क्यों नहीं मिल रहा था काम, बताई वजह

**मुंबई।** अपूर्व अग्निहोत्री टीवी की दुनिया का बड़ा नाम रहे हैं। उन्होंने कई बॉलीवुड फिल्मों में भी अपने अभिनय की छाप छोड़ी है। अपूर्व फिल्म 'परदेस' में शाहरुख खान के साथ काम कर चुके हैं। हालांकि, इसके बावजूद भी उन्हें फिल्मों के कोई खास ऑफर नहीं आए। हाल ही में अपूर्व ने इस बारे में अपनी चुप्पी तोड़ी है। हाल ही में अपूर्व ने शाहरुख खान के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा किया। बातचीत के दौरान अपूर्व ने शाहरुख खान की खूब तारीफ की और कहा कि फिल्म के दौरान किंग खान ने उनकी खूब मदद की। अपूर्व ने कहा, 'शाहरुख खान हमेशा 15-20 लोगों से घिरे रहते थे, लेकिन इसके बावजूद वह काफी विनम्र रहते।' अपूर्व ने शाहरुख खान से पहली मुलाकात का भी जिक्र किया।

टीवी मसाला


## टेनिस के बाद अब एक्टिंग में हाथ आजमाने को तैयार

**मुंबई।** सानिया मिर्जा स्पोर्ट्स जगत का जाना माना नाम हैं। सानिया को लोगों ने अक्सर टेनिस कोर्ट में ही देखा होगा। उनके गेम ने हमेशा भारत का नाम गर्व से ऊंचा किया है। अब सानिया ने रिटायरमेंट ले ली है और अपने बच्चे की देखभाल पर पूरा फोकस कर रही हैं। इसी बीच यह खबर आ रही है कि सानिया जल्द ही एक्टिंग में भी हाथ आजमाएंगी। छोटे पर्दे की जानी मानी प्रोड्यूसर एकता कपूर अपने डेली सोप को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। इस समय एकता अपने सीरियल 'बेकाबू' का जोरों-शोरों से प्रमोशन करने में लगी हुई हैं। इस शो के जरिए शालीन भनोट भी काफी दिनों के बाद छोटे पर्दे पर वापसी करने को तैयार बैठे हैं। एकता कपूर का यह शो कुछ समय पहले ही लॉन्च हुआ है। शालीन के अलावा इस शो में ईशा सिंह भी साथ नजर आएंगी। अब जो बड़ी खबर आ रही है वह यह है कि रिपोर्ट्स के मुताबिक सानिया भी जल्द ही इस शो का हिस्सा बनने जा रही हैं और जल्द ही शो की शूटिंग भी शुरू करेंगी।



## 'द कपिल शर्मा शो' में सपना दीदी बनकर जल्द लौटेंगे कृष्णा

**मुंबई।** छोटे पर्दे का सबसे चर्चित और चहेता 'द कपिल शर्मा शो' बीते कुछ दिनों से सुर्खियों में बना हुआ है। कुछ दिनों पहले कपिल शर्मा के इस शो को लेकर रिपोर्ट आई कि यह जून के महीने में कुछ समय के लिए बंद होने जा रहा है। हालांकि, कॉमेडियन ने खुद इस अफवाह पर साफ किया कि अभी इसे लेकर कुछ भी फाइनल नहीं है। वहीं, इसका हिस्सा रहे कृष्णा अभिषेक भी बीते लंबे समय से हेडलाइंस का हिस्सा बन रहे हैं। हर किसी की नजरें इस पर टिकी हुई हैं कि क्या कृष्णा शो से वापस जुड़ेंगे या नहीं। इसी असमंजस को दूर करते हुए खुद कृष्णा ने बड़ा बयान दे दिया है, जिसे जानकर उनके फैंस फूले नहीं समा रहे हैं। पिछले साल के सितंबर महीने में कृष्णा अभिषेक ने 'द कपिल शर्मा शो' को अलविदा कह दिया, जिसने कॉमेडियन-एक्टर के फैंस का दिल तोड़ दिया। हालांकि, अब खुद कृष्णा ने फैंस को खुशखबरी सुनाई है। कॉमेडियन वापस से सपना दीदी बनकर शो में लौटने को तैयार हैं।



## फिल्म 'हेरा फेरी-3' पर मंडरा रहा संकट

**मुंबई।** अक्षय कुमार की कॉमेडी फिल्म हेरा फेरी 3 इन दिनों खूब चर्चा में है। इस फिल्म को लेकर एक के बाद एक नए अपडेट सामने आ रहे हैं। कभी फिल्म के निर्देशक पर सवाल उठ रहा है तो कभी ये कहा गया कि इस फिल्म में अक्षय कुमार नजर नहीं आएंगे। अब इस फिल्म को लेकर फिर से लेटेस्ट अपडेट आया है। हेरा फेरी 3 के मेकिंग राइट्स को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। इरोस इंटरनेशनल ने हेरा फेरी 3 के खिलाफ ट्रेड मैगजीन में एक लीगल नोटिस जारी किया है। इरोस इंटरनेशनल ने फिल्म के निर्माताओं को एक कानूनी नोटिस दिया है। इस नोटिस में दावा किया गया है कि फिल्म के सारे राइट्स इरोस इंटरनेशनल के पास हैं। हालांकि इसके पहले भी हेरा फेरी 3 को लेकर बवाल छिड़ा था। तब टी-सीरीज की ओर से फिल्म को नोटिस जारी किया गया था। इरोज इंटरनेशनल की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि नाडियाडवाला ग्रुप पर इरोस का 60 करोड़ रुपए बकाया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि जब तक इसका सारा भुगतान नहीं किया जाएगा तब तक फिल्म के राइट्स इरोज इंटरनेशनल के पास ही रहेंगे। नोटिस में यह भी कहा गया है कि नाडियाडवाला इरोस की सहमति के बिना किसी भी तीसरे पक्ष को अधिकार नहीं बेचने पर राजी हुए थे। हेरा फेरी 3 के अधिकारों को लेकर कानूनी विवाद की स्थिति बढ़ती जा रही है।



## ये बड़े सितारे हैं अंधविश्वासी, टोना-टोटके और ज्योतिष पर करते हैं भरोसा

**मुंबई।** जीवन में अक्सर लोगों के अंदर किसी न किसी चीज को लेकर डर होता है और कई बार हम उस डर से निजात पाने के लिए कई तरह की चीजों को करते हैं। यहां तक की इस मॉर्डन समय में भी आज भी लोग राशि, अंधविश्वास, टोने टोटके जैसी चीजों पर भरोसा करते हैं। बॉलीवुड में भी कई ऐसे सितारे हैं, जो कुछ ऐसी चीजें करते हैं, जिससे वह अपने अंदर का डर खत्म कर सके। साथ ही उन्हें उस नकारात्मक एनर्जी से भी निजात मिल सके। आइये जानते हैं, बॉलीवुड के उन कलाकारों के बारे में जो कई बार टोटके का सहारा लेते हैं।



**रणवीर सिंह :** रणवीर सिंह बॉलीवुड के जाने माने कलाकार हैं। वह अक्सर ही सुर्खियों में बने रहते हैं। साथ ही वह अपने फैशन सेंस को लेकर भी खबरों में छाए रहे थे। वहीं, एक रिपोर्ट के अनुसार रणवीर सिंह अक्सर बीमार हो जाया करते थे, जिसके कारण उनकी मां ने टखने पर एक काला धागा बांधा था। उस धागे को रणवीर ने आज भी बांध कर रखा है। एक्टर का मानना है कि इस धागे के कारण उनका स्वास्थ्य ठीक रहता है।

**कैटरीना कैफ :** कैटरीना कैफ बॉलीवुड की हॉट और खूबसूरत एक्ट्रेस में से एक हैं। कटरीना कैफ अपनी हर फिल्म के रिलीज से पहले अजमेर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर जाती हैं। जहां पर पहुंच कर वह अपनी फिल्म की सफलता की दुआ करती हैं। वहीं, हम देख सकते हैं कि कटरीना कैफ ने अभी तक बॉलीवुड में सबसे ज्यादा हिट फिल्में दी हैं। कटरनी के नाम 14 हिट फिल्में हैं।

**अमिताभ बच्चन :**अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार हैं। वह आज भी लाखों दिलों पर राज करते हैं। इस उम्र में भी वह बेहतरीन फिल्मों में काम कर रहे हैं। अमिताभ बच्चन का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं। दरअसल बिग बी को क्रिकेट बहुत पसंद है, लेकिन वह कभी भी भारत का मैच नहीं देखते हैं। उनका मानना है कि अगर वह टीवी के सामने बैठकर मैच देखते हैं, तो इंडिया के विकेट गिरने लगते हैं। इसलिए वह कभी भी लाइव क्रिकेट मैच नहीं देखते हैं।

**शाहरुख खान :** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान किसी भी पहचान के मोहताज नहीं है। शाहरुख की हाल ही में रिलीज फिल्म पठान बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। हालांकि क्या आप जानते हैं कि शाहरुख खान ज्योतिष जैसी चीजों पर काफी भरोसा करते हैं। शाहरुख खान ने अपनी सभी गाड़ियों का नंबर 555 रखा है। साथ ही खबरों के मुताबिक उन्होंने अपनी आईपीएल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स की लगातार हार के चलते,टीम की जर्सी के रंग को बदल दिया था।

# जी-20 अध्यक्षता से भारत छाएगा दुनिया के पर्यटन नक़्शे पर

## क्षेत्र की रोजगार संभावनाओं के दोहन के लिए राजस्थान में पर्यटन को उद्योग का दर्जा: मुख्य सचिव

### पर्यटन मंत्रालय की पहल जीआईटीबी के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय पर्यटन सचिव

### यात्रा एवं पर्यटन उद्योग पर एक ज्ञान-प्रपत्र का अनावरण

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर, जनीश सिंह।** भारत सरकार में पर्यटन मंत्रालय के सचिव अरविन्द सिंह ने कहा आजादी के अमृत महोत्सव 'अमृत काल' में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशनरी लीडरशिप में भारत की जी20 अध्यक्षता से भारत के पर्यटन क्षेत्र के तीव्र गति से वृद्धि करने की आशा है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा फिक्की और राजस्थान के पर्यटन विभाग के साथ आयोजित किए जा रहे 'ग्रेट इंडियन ट्रैवेल बाजार' (जीआईटीबी) के 12वें संस्करण के उद्घाटन सत्र में श्री अरविंद सिंह ने कहा, "भारत की जी20 अध्यक्षता ने पर्यटन क्षेत्र के लिए अद्वितीय अवसरों निर्मित किये हैं। हम पहले से ही जी20 की अध्यक्षता और कश्मीर - भारत के मुकुट रत्न में अगली बैठक के बीच में हैं। इससे भारत में काफी बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने की संभावना है, जिससे भारत को विश्व पर्यटन मानचित्र पर छाने में मदद मिलेगी। भारत की जी20 अध्यक्षता में देश में इस वर्ष एक लाख से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों के आने की आशा है। वे स्मारकों और त्योहारों सहित हमारी संस्कृति की विविधता, समृद्धि और अनेकता से रूबरू हो पायेंगे। हम आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के एक प्रमुख चालक के रूप में इसकी क्षमता को पहचानते हुए अंतगार्मी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ठोस प्रयास कर रहे हैं, साथ ही हम देश में पर्यटकों की आमद बढ़ाने के लिए कई कदम उठाने की प्रक्रिया में हैं। जीआईटीबी राजस्थान सरकार की मुख्य सचिव उषा शर्मा, फिक्की की पूर्व अध्यक्ष डॉ. ज्योत्सना सूरी और राजस्थान की पूर्व पर्यटन सचिव मीरा महर्षि की तिकड़ी द्वारा परिकल्पित, लॉन्च और पोषित मंच है। यह एक ऐसा मंच है, जो हमारे प्रयासों को मजबूती प्रदान करेगा, अरविन्द सिंह ने कहा। रोजगार सृजन के लिए पर्यटन की क्षमता पर जोर देते हुए राजस्थान की मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र बड़ी संख्या में रोजगार सृजित करने के साथ-साथ रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा करता है, जिसने इस क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देने में प्रमुख भूमिका निभाई है। उद्घाटन सत्र में बोलते हुए उषा शर्मा ने कहा, ह्लकुछ लोग सोचते हैं कि पर्यटन एक ग्लैमरस क्षेत्र है, जबकि सच्चाई यह है कि यह क्षेत्र रोजगार के बड़े अवसर प्रदान करता है। और, हम इसकी क्षमता का पूरी तरह से उपयोग करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी उद्देश्य से राजस्थान सरकार ने राज्य में पर्यटन को उद्योग का दर्जा प्रदान किया है। इस कदम से हमें और भी अधिक निवेश आकर्षित करने में मदद मिलेगी।" 2007 में जीआईटीबी की परिकल्पना करने के अपने अनुभव को याद करते हुए उषा शर्मा ने कहा, "हमने बी2बी को इस प्लेटफॉर्म का एक बहुत ही आंतरिक हिस्सा बनाने की आवश्यकता महसूस की, जहां सभी हितधारकों के लिए मूर्त परिणाम दिखें हैं।" जीआईटीबी को "सार्वजनिक निजी भागीदारी का आदर्श उदाहरण" बताते हुए गायत्री राठौर, प्रमुख सचिव - पर्यटन, कला और संस्कृति, राजस्थान सरकार ने कहा कि जीआईटीबी का उद्देश्य बाजार की अपेक्षाओं को समझने के लिए विचारों का आदान-प्रदान और नेटवर्किंग के लिए पर्यटन हितधारकों को एक मजबूत मंच प्रदान करते हुए भारत में अंतगार्मी पर्यटन को बढ़ावा देना है। "राजस्थान सरकार ने राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पूर्ण उद्योग के दर्जे से लेकर ग्रामीण पर्यटन नीति और फिल्म प्रचार नीति को लॉन्च करने के लिए बजटीय समर्थन के साथ कई क्रांतिकारी पहल की हैं। ये कदम न केवल पर्यटन को बढ़ावा देंगे, बल्कि बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर भी पैदा करेंगे, गायत्री राठौड़ ने कहा। जीआईटीबी उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन में राजस्थान पर्यटन विकास निगम के माननीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा, "कोविड के दौरान हमारे भीलवाड़ा मॉडल ने लोगों की जान बचाई। उसी तरह हमारे माननीय मुख्यमंत्री ने पर्यटन क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देकर उसे बूस्टर डोज दिया है। आवभगत या मेहमाननवाजी हमारे मूल में और आसान नीति के रूप में हमारे समर्थन के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में होटल खुल रहे हैं, जो राजस्थान के गांवों में रोजगार सृजन को गति प्रदान कर रहे हैं। अपने स्वागत भाषण में केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय और राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग दोनों के समर्थन की सराहना करते हुए फिक्की की पर्यटन और संस्कृति समिति के अध्यक्ष (चेयरपर्सन) दीपक देवा ने कहा, हमें भारत में आर्थिक विकास और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन की विशाल क्षमता के साथ-साथ जिम्मेदार और समावेशी पर्यटन को बढ़ावा देना होगा, जोकि स्थानीय समुदायों, उनकी संस्कृतियों और प्राकृतिक पर्यावरण का सम्मान करता है। जीआईटीबी विकास और वृद्धि के नए अवसरों को जोड़ने, सहयोग करने और बनाने के लिए पर्यटन हितधारकों के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| चेन्नई | 7 | 5 | 2 | 10 |
| राजस्थान | 7 | 4 | 3 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| बेंगलोर | 7 | 4 | 3 | 8 |
| पंजाब | 7 | 4 | 3 | 8 |
| मुंबई | 6 | 3 | 3 | 6 |
| कोलकाता | 7 | 2 | 5 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| दिल्ली | 7 | 2 | 5 | 4 |



**औरेंज कैप**
डु प्लेसिस
405 रन



**पर्पल कैप**
मो. सिराज
13 विकेट

## खबर संक्षेप



### चेन्नई ने साबित करने का मौका दिया: रहाणे

**कोलकाता।** अजिंक्य रहाणे ने अपने आक्रामक तेवरों के कारण इंडियन प्रीमियर लीग में इस बार सभी को चौंकाया है और उन्होंने इसका श्रेय चेन्नई सुपर किंग्स के करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को दिया। रहाणे ने कहा, 'मैं आपको एक ही चीज कह सकता हूं. मैंने वास्तव में अपनी पारी का भरपूर आनंद लिया। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि हमने यह मैच जीता।' रहाणे ने धोनी को श्रेय देते हुए कहा कि उन्हें केवल मौके की जरूरत थी और भारत के विश्वकप विजेता कप्तान ने उन्हें फॉर्म में वापसी के लिए यह मौका दिया।

### पंकज बने निर्विरोध सीएफआई अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** नोएडा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र पंकज सिंह को भारतीय



साइकिलिंग महासंघ की नैनीताल में आम सभा की वार्षिक बैठक में निर्विरोध महासंघ का अध्यक्ष चुना गया। मनिंदर पाल सिंह रविवार को लगातार दूसरी बार महासचिव चुने गए जबकि केरल के सुदेश कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। सीएफआई से मान्यता प्राप्त 26 राज्यों और बोर्डों ने एजीएम में भाग लिया। पंकज सिंह ने समर्थन के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### मुझे विदाई देने का प्रयास कर रहे फैंस

**कोलकाता।** ईडन गार्डंस पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक चेन्नई सुपर किंग्स की पीली जर्सी पहन कर आए थे जिस



पर महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कोलकाता के दर्शक शायद उन्हें उचित विदाई देना चाहते हैं। धोनी ने आईपीएल को अलविदा कहने का अभी तक कोई संकेत नहीं दिया है लेकिन माना जा रहा है कि उनके चमकदार करियर का यह आखिरी सत्र हो सकता है। धोनी ने इस ऐतिहासिक मैदान पर पहली बार बिहार के रणजी क्रिकेटर के रूप में कदम रखा था लेकिन इसके बाद वह यहां के दर्शकों के प्रिय खिलाड़ी बन गए।

### पीजीए टूर में 11वें स्थान पर रहे अटवाल

**इरविंग।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल ने पीजीए चैंपियंस टूर (50 साल से अधिक उम्र वालों के लिए) के अपने पदार्पण वर्ष में ही शानदार प्रदर्शन



करते हुए संयुक्त 11वां स्थान हासिल किया। पीजीए टूर जीतने वाले एकमात्र भारतीय अटवाल ने पिछले महीने अपना 50वां जन्मदिन मनाया था। उन्होंने 54 होल की इस प्रतियोगिता में 70-68-70 के कार्ड खेले तथा फुल पांच अंडर 208 का स्कोर बनाया। अटवाल की योजना मुख्य पीजीए टूर में खेलने के अलावा सीनियर की कुछ प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेना है।

# बालबर्नी शतक से चूके, स्टर्लिंग के साथ जोड़े 115 रन, आयरलैंड 300 पार

एजेंसी ▶▶ गॉल

कप्तान एंडी बालबर्नी (95) और पॉल स्टर्लिंग (74) के बीच तीसरे विकेट के लिए 115 रन की रिकॉर्ड साझेदारी के दम पर आयरलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के शुरुआती दिन सोमवार को अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 319 रन बनाए। सपाट पिच पर आयरलैंड के बल्लेबाजों को श्रीलंकाई गेंदबाजों के सामने ज्यादा परेशानी नहीं हुई।

बालबर्नी और स्टर्लिंग दोनों शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे और शतक की ओर बढ़ रहे थे। चाय के विश्राम के बाद तीसरे ओवर में स्टर्लिंग मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 74 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। उन्होंने अपनी पारी में तीन छक्के और छह चौके लगाए। इसके थोड़ी देर बाद बालबर्नी रमेश मेंडिस की गेंद पर धनंजय डिसिल्वा को कैच देकर आउट हो गए। उन्होंने 163 गेंद की पारी में 14 चौके लगाए।



### टकर 78 पर नाबाद

*लोर्कन टकर ने एक छोर संभाले रखा और दिन का खेल खत्म होते समय 78 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। उनके साथ कर्टिस कैंफर 27 रन पर बल्लेबाजी कर रहे है। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 87 रन की अटूट साझेदारी कर ली है।*

### श्रीलंका 1-0 से आगे

*श्रीलंका ने पहला टेस्ट 280 रन से जीता था और अगर टीम इस मैच को जीतती है तो टेस्ट में यह उसकी 100वीं सफलता होगी। श्रीलंका ने अब तक 99 टेस्ट में जीत दर्ज की है। उसके 92 मुकाबले ड्रॉ रहे है जबकि 119 में उसे हार का सामना करना पड़ा है।*



### साझेदारी का तोड़ा रिकॉर्ड

*आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन दसवें ओवर तक उसके दोनों सलामी बल्लेबाज पीटर मूर (पांच) और जेम्स मैकुलम (10) पवेलियन लौट गये। लंच से पहले हैरी टेक्टर (18) के रूप में आयरलैंड को तीसरा झटका लगा। इसके बाद बालबर्नी और स्टर्लिंग ने श्रीलंका के गेंदबाजों को ज्यादा मौके नहीं दिए। दोनों ने 2018 में पाकिस्तान के खिलाफ केविन ओ ब्रायन और स्टुअर्ट थाम्पसन के बीच 114 रन की साझेदारी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। श्रीलंका के लिए प्रभात जयसूर्या ने दो जबकि विश्वा फर्नांडो और मेंडिस ने एक-एक विकेट चटकाए।*

## 7 रन से जीती दिल्ली, अक्षर पटेल का दोहरा प्रदर्शन

# कैपिटल्स ने रोमांचक मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया

भाषा ▶▶ हैदराबाद

अक्षर पटेल (34 रन और दो विकेट) के हरफमौला खेल और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 के रोमांचक मुकाबले में सोमवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दिल्ली के लिए अक्षर ने चार ओवर में 21 रन देकर दो और कुलदीप यादव ने इतने ही ओवर में 22 रन देकर एक विकेट चटकाकर हैदराबाद की मुश्किलें बढ़ा दी। टीम के लिए एनरिच नोर्किया (चार ओवर में 33 रन) ने दो और इशांत शर्मा (तीन ओवर में 18 रन) एक विकेट लिया। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 144 रन बनाने के बाद सनराइजर्स को छह विकेट पर 137 रन पर रोक दिया। हैदराबाद के लिए मयंक अग्रवाल ने 39 गेंद की पारी में सात चौके की मदद से 49 रन बनाये जबकि आखिरी ओवरों में हेनरिच क्लासेन ने 19 गेंद में 31 और वाशिंगटन सुंदर ने 15 गेंद में नाबाद 24 रन बनाये लेकिन यह टीम के लिए नाकाफी साबित हुआ। इससे पहले दिल्ली की टीम आठवें ओवर में 62 रन पर पांच विकेट गंवा कर मुश्किल में थी लेकिन मनीष पांडे (34) और मैन ऑफ द मैच अक्षर (34) ने छठे विकेट के लिए 59 गेंद में 69 रन की



साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी करायी। पांडे ने 27 गेंद की पारी में दो चौके लगाये जबकि अक्षर ने 34 गेंद की पारी में चार चौके लगाये। अनुभवी भुवनेश्वर कुमार (चार ओवर में 11 रन पर दो विकेट) और वाशिंगटन सुंदर (चार ओवर में 28 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स को नौ विकेट पर 144 रन पर रोक दिया था। सनराइजर्स हैदराबाद ने लक्ष्य का पीछा सतर्क तरीके से शुरू किया लेकिन सलामी बल्लेबाज हैरी ब्रुक (14 गेंद में सात रन) रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे तो वहीं दूसरी तरफ से मयंक अग्रवाल ने छह ओवर तक हर ओवर में एक-एक चौका लगाया। इसी बीच छठे ओवर में एनरिच नोर्किया ने ब्रुक को बोल्ड कर दिल्ली कैपिटल्स को पहली सफलता दिलायी। मयंक और राहुल त्रिपाठी (21 गेंद में 15 रन) इसके बाद अगले चार ओवर तक एक भी चौका लगाने में विफल रहे जिससे 10 ओवर के बाद हैदराबाद का स्कोर एक विकेट पर 58 रन था। मयंक ने 11वें ओवर में अपना और टीम का सातवां चौका लगाया लेकिन अगले ओवर में अक्षर पटेल की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में अमन खान को कैच दे बैठे। वार्नर ने 13वें ओवर में गेंद इशांत शर्मा को थमाई जिन्होंने राहुल त्रिपाठी को पवेलियन भेज कर कप्तान के फैसले को सही साबित किया।

### दिल्ली- 144/9(20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| डेविड वार्नर का ब्रुक बो सुंदर | 21 |
| साल्ट का क्लासेन बो भुवनेश्वर | 00 |
| मिशेल मार्श पगबाधा नटराजन | 25 |
| सरफराज का भुवनेश्वर बो सुंदर | 10 |
| पांडे रन आउट (सुंदर/ क्लासेन) | 34 |
| अमन खान का अभिषेक बो सुंदर | 04 |
| अक्षर पटेल बो भुवनेश्वर | 34 |
| रिपल पटेल रन आउट (क्लासेन) | 05 |
| नोर्किया रन आउट (उमरान / क्लासेन) | 02 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 04 |
| इशांत शर्मा नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: (लेग बाई: 02 , वाइड: 02) 04
कुल योग: (20 ओवर में नौ विकेट पर) 144 रन
विकेट पतन: 1-1, 2-39, 3-57, 4-58, 5-62, 6-131, 7-134, 8-139, 9-139

### हैदराबाद-137/6 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| हैरी ब्रुक बो नोर्किया | 07 |
| मयंक अग्रवालका अमन बो अक्षर | 49 |
| राहुल त्रिपाठी का साल्ट बो इशांत | 15 |
| अभिषेक शर्मा का एवं बो कुलदीप | 05 |
| एडेन मार्कराम बो अक्षर | 03 |
| हेनरिच क्लासेन का अमन बो नोर्किया | 31 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 24 |
| मार्को यानसन नाबाद | 21 |

अतिरिक्त: (नोबॉल: 01) 01
कुल योग: (20 ओवर में छह विकेट पर) 137 रन
विकेट पतन: 1-31 , 2-69 , 3-75, 4-, 5-85, 6-126

# बेंगलुरु के सामने फाइनल में ओडिशा की चुनौती आज



एजेंसी ▶▶ कोझिकोड

इंडियन सुपर लीग की उपविजेता बेंगलुरु एफसी की टीम सुपर कप फुटबॉल के फाइनल में मंगलवार को यहां जब ओडिशा एफसी के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो खिताब के लिए उसे एक बार फिर से एड़ी चोटी को जोर लगाना होगा।
ओडिशा की टीम पहली बार इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची है तो वहीं बेंगलुरु ने 2018 में इसके पहले सत्र का खिताब जीता था।
दोनों टीमें देश की शीर्ष घरेलू प्रतियोगिता आईएसएल के प्लेऑफ में पहुंचने में सफल रही थी जहां एटीके मोहन बागान ने दोनों को हराया था। ओडिशा को एटीके मोहन बागान ने प्लेऑफ में शिकस्त देने के बाद फाइनल में बेंगलुरु को हराया था। यहां के ईएमएस कॉर्पोरेशन स्टेडियम में होने वाला फाइनल बेंगलुरु के लिए सत्र का तीसरा खिताबी मुकाबला होगा। उन्होंने पिछले साल सितंबर में डूरंड कप जीता था।

टीम अगर मंगलवार को फाइनल जीतने में सफल रही तो वह एएफसी कप ग्रुप चरण के लिए क्लब प्ले- ऑफ में गोकुलम केरल का सामना करेगी। कप्तान सुनील छेत्री दो साल बाद इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भाग लेने का मौका गंवाना नहीं चाहेंगे।

### सब कुछ झोंक देंगे : छेत्री

*छेत्री ने कहा, 'हम भाग्यशाली रहे हैं कि बहुत सारे एएफसी टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिला है, लेकिन हमारी टीम पिछले कुछ वर्षों में क्वालीफाई करने में नाकाम रही है। हम इस मौके को हासिल करने के लिए सब कुछ करेंगे।' ओडिशा के मुख्य कोच क्लिफोर्ड मिरांडा ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो हम इस मैच को फाइनल के रूप में नहीं देख रहे हैं। हमारे लिए यह अन्य मैच की तरह है, जहां हमें एक बहुत अच्छे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ चीजें सही करनी हैं।'*

# भारत आएगी पाक-चीन की एशियाई हॉकी टीम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु के चेन्नई शहर में तीन से 12 अगस्त के बीच होने वाले सातवें एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान और चीन भी भाग लेंगे।



तमिलनाडु हॉकी यूनिट के अध्यक्ष जे. शेखर मनोहरन ने इसकी पुष्टि की है। मनोहरन ने कहा कि चूंकि मीडिया ने 2 टीमों की भागीदारी पर संदेह व्यक्त किया था, इसलिए हम अब खुशी से सूचित करते हैं कि पाकिस्तान और चीन भी इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे और उन्होंने इस बात की पुष्टि की है। मनोहरन ने कहा कि एचयूटीएन ने अभ्यास मैदान के लिए स्थल चुन लिया है। अभ्यास मैदान एसडीएटी-मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम के प्रवेश द्वार के ठीक बगल का एक टेनिस कोर्ट होगा। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के अंदर 4 टेनिस कोर्ट का बड़े पैमाने पर उपयोग नहीं किया गया था इसलिए हम अभ्यास करने के लिए मैदान को बदलकर खुश हैं। हम मई में काम शुरू करने की उम्मीद कर रहे हैं।

### अर्जुन ने जीता शेटी जुल्दी इंटरनेशनल रैपिड शतरंज

***अस्ताना।** भारत के ग्रांड मास्टर अर्जुन एरिगेसी नें दो माह बाद इंटरनेशनल शतरंज में धमाकेदार वापसी की है और विश्व के दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी में उन्होने शेटी जुल्दी इंटरनेशनल रैपिड शतरंज का खिताब बेहद शानदार अंदाज में अपने नाम कर लिया है।12 खिलाड़ियों के बीच राउंड रॉबिन आधार पर 11 राउंड के इस टूर्नामेंट में अर्जुन नें अपराजित रहते हुए 9.5 अंक बनाए और इस दौरान उन्होने 3 मुक़ाबले ड्रॉ खेले जबकि 8 मुकाबलों में जीत दर्ज की।*

**वोल्फ्सबर्ग।** जर्मनी के वोल्फ्सबर्ग में वोक्सवैगन एरिना में वीएफएल वोल्फ्सबर्ग और आर्सेनल के बीच यूईएफए महिला चैंपियंस लीग सेमी फाइनल के पहले चरण के मैच के दौरान गेंद को कब्जे में लेने के लिए जूझते खिलाड़ी।



### फाइनल में पहुंचेगी चेन्नई की टीम

**नई दिल्ली।** क्रिकेटर से कमेंटेटर बने आकाश चोपड़ा ने कहा कि एमएस धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स के पास नंबर एक पर रहने और आईपीएल 2023 के फाइनल में पहुंचने का पूरा मौका है। रविवार को ईडन गार्डन में कोलकाता नाइट राइडर्स पर 49 रन की जीत हासिल करने के बाद सीएसके आईपीएल 2023 तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। सीएसके की धमाकेदार जीत के बाद चोपड़ा ने कहा कि चार बार की चैंपियन को रोकना मुश्किल होगा। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'चेन्नई ने अब अपने सात में से पांच मैच जीते हैं।

## मुंबई के तेज गेंदबाजों ने मैच में लुटाए 40 से अधिक रन

# मुंबई को सुलझानी होगी डेथ ओवरों की गुत्थी

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

मुंबई इंडियंस की टीम को आईपीएल में मंगलवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ यहां होने वाले मैच में अगर फिर से जीत की राह पर लौटना है तो उसे डेथ ओवरों की गेंदबाजी में सुधार करना होगा। मुंबई ने खराब शुरुआत के बाद जीत की हैट्रिक बनाई थी लेकिन शनिवार को पिछले मैच में उसे पंजाब से 13 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में मुंबई के गेंदबाजों ने अंतिम पांच ओवर में 96 रन दिए जिससे पंजाब

■ **गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबला आज शाम 7.30 बजे**



आठ विकेट पर 214 रन बनाने में सफल रहा। गुजरात के खिलाफ मुकाबले से पहले मुंबई को अंतिम ओवरों की खराब गेंदबाजी से निपटना होगा। मुंबई के तेज गेंदबाजों अर्जुन तेंदुलकर, जेसन बेहरेनडॉर्फ, कैमरन ग्रीन और जोफ्रा आर्चर में से प्रत्येक ने उस मैच में 40 से अधिक रन लुटाए थे। अनुभवी स्पिनर पीयूष चावला और उनके युवा साथी ऋतिक शौकीन ने हालांकि अच्छी गेंदबाजी की थी।
मुंबई की बल्लेबाजी हालांकि मजबूत नजर आती है। कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशन ने जहां टीम को अच्छी शुरुआत दी है वहीं सूर्यकुमार यादव का फॉर्म में लौटना टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। इनके अलावा ऑलराउंडर ग्रीन और टिम डेविड ने भी बल्लेबाजी में उपयोगी योगदान दिया है।

### गुजरात का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत

*गुजरात का गेंदबाजी आक्रमण हालांकि मजबूत है और ऐसे में मुंबई के बल्लेबाजों के लिए काम आसान नहीं होगा। गुजरात के गेंदबाजों की इस सत्र में स्कोर का बचाव नहीं करने के लिए आलोचना हो रही थी लेकिन लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ उन्होंने डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करके अपने कम स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव किया था। गुजरात की इस जीत के नायक अनुभवी मोहित शर्मा रहे जिन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ने चुना गया।*

# 'क्रिकेट के भगवान' का अर्धशतक पूरा, 50 साल के हुए सचिन




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्रिकेट में भगवान का दर्जा हासिल करने वाले सचिन तेंदुलकर सोमवार 24 अप्रैल को 50 साल को हो गए। महज 16 साल की उम्र में भारत के लिए पदार्पण करने वाले सचिन 2013 तक इंटरनेशनल क्रिकेट खेलते रहे। इसके बाद वे मुंबई इंडियंस के साथ बतौर मेंटर जुड़े हुए हैं। इस आईपीएल सीजन में उनके बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने डेब्यू कर लिया है।




### एससीजी में सचिन के नाम पर गेट का अनावरण

**सिडनी।** महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के 50वें जन्मदिन के अवसर पर प्रतिष्ठित सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में सोमवार को उनके नाम पर एक गेट का अनावरण किया गया। उन्होंने एससीजी में पांच टेस्ट मैचों में 157 की औसत से 785 रन बनाए जिसमें उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 241 रहा। तेंदुलकर ने भारत के बाहर एससीजी को अपना पसंदीदा क्रिकेट मैदान करार दिया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# महंगाई राहत शिविर पूरे देश के लिए बनेगा नजीर: जितेन्द्र सिंह








सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा (अलवर)।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सुपरविजन में प्रदेशवासियों के लिए आयोजित किए जा रहें मंहगाई राहत शिविर पूरे देश के लिए एक नजीर है। सिंह सोमवार को अलवर शहर के बुधविहार स्थित सामुदायिक भवन में मंहगाई राहत शिविर के दौरान उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होनें कहा कि पहली बार ऐसा हुआ है कि 10 जनकल्याणकारी योजनाओं का फायदा एक ही कैम्प में आमजन को हो रहा है। उन्होनें कहा कि जरूरतमंद एवं गरीब लोगों के लिए यह शिविर निश्चित तौर पर वरदान साबित होगा। उन्होनें कहा कि पहले ही दिन शिविर में बडी संख्या में पहुचें लोगों में खुशी का माहौल है साथ ही गारंटी कार्ड पाकर उनके चहरे खिल गए हैं। राजस्थान सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आमजन का कल्याण हो रहा है। उन्होने कहा कि जो विकास कार्य पिछले 50 सालों में नहीं हुए वह प्रदेश की गहलोत सरकार ने पिछले 5 साल में कर दिखाएं है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि उधोगपति मित्रों की यह सरकार गरीबों के हक को कुचलकर पूंजीपतियों मित्रों को आबाद कर रही हैं। उन्होने राज्य में ओपीएस स्कीम को कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित रखने वाली योजना बताते हुए कहा कि केन्द्र सरकार इस स्कीम को राजस्थान में बंद करने का दबाव बना रही है। शिविर में जिला कलक्टर डा0 जितेन्द्र सोनी, जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा,जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, सभापति घनश्याम गुर्जर, डेयरी चैयरमैन विश्राम गुर्जर, महिला जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी, प्रधान दौलत जाटव, अजीत यादव, प्रदीप आर्य, श्वेता सैनी, अनिल जैन, हरिशंकर रावत, हीरेन्द्र

**मंहगाई से आहत जनता को शिविर से मिलेगी राहतः टीकाराम जूली**



शर्मा जीतकौर सांगवान, सतीश भाटिया, रिपुदमन गुप्ता, रामस्नेही शर्मा, राजेश सहित बडी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ब्लॉक उमरैण, अकबरपुर, मालाखेडा, बहादरपुर एवं अलवर शहर के बुध विहार स्थित सामुदायिक भवन तथा नगर परिषद में आयोजित कैम्प में प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मंहगाई राहत शिविर में अंधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि हर घर में इस शिविर का लाभ पहुचाने के उददेश्य से एक विशेष रूपरेखा तैयार कर अधिकाशं लोगों को शिविर स्थल पर ले जाकर उनका पंजीयन करवाएं। उन्होंने केन्द्र की मोदी सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने कमर तोड मंहगाई कर रखी है। मोदी सरकार की मंहगाई से आहत लोगों को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंहगाई राहत शिविर के माध्यम से राहत देने का कार्य कर रहें हैं। उन्होने कहा कि पूरा देश राजस्थान के ना केवल इस मॉडल को अपनाएगा बल्कि आमजन के विकास के लिए लगाए गए मंहगाई राहत शिविर लगाने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बनेगा। उन्होने कहा कि बढत-बचत और राहत की थीम आमजन के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। शिविर में उपखंड अधिकारी अशोक त्यागी, युआईटी उपसचिव योगेश डागुर, कार्यवाहक सीईओ रेखा रानी व्यास, प्रधान दौलत जाटव, वीरवती जाटव, शिवलाल गुर्जर, राजेन्द्र व्यास, उप प्रधान महेश सैनी, डेयरी चैयरमेन विश्राम गुर्जर, सरपंच हिम्मत चौधरी, संजय गर्ग, संजस तायल लाला राम सैनी, नरेन्द्र सावित्री मीणा, सिदार्थ व्यास, शिवचरण बलाई, राजेन्द्र बैरवा, सुभाष बसवाल, इन्द्रमल मीणा, बच्चू चौधरी, सोनू मीणा, नीरज सैनी, महेन्द्र सैनी, महेश पटेल, मूलचंद गुर्जर, नितिन धाकड सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# उपखण्ड क्षेत्र मे कीलपुरखेड़ा से शुरू हुआ महंगाई राहत कैंप

## कैंप प्रभारी व उपखण्ड अधिकारी रिया डाबी शिविर से नदारद, सरपंच और ग्राम विकास अधिकारियो ने किया कैंप का बहिष्कार







सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)/महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र मे सोमवार 24 अप्रैल से महंगाई राहत कैंप और प्रशासन गांवो के संग कार्यक्रम शिविर कीलपुरखेड़ा पंचायत मुख्यालय से आरम्भ हुए। इस कैंप के प्रभारी के रूप मे तो राज्य सरकार के निदेर्शानुसार सम्बन्धित उपखण्ड अधिकारी को ही माना गया है लेकिन पता नही क्या कारण था कि इस कैंप से रैणी उपखण्ड अधिकारी रिया डाबी नदारद रही। इस कैम्प मे आमजन को चिरन्जीवी स्वास्थ्य बीमा योजनान्तर्गत का रजिस्ट्रेशन किया गया तथा पेन्शन धारको का रजिस्ट्रेशन किया गया एवं बिजली विभाग की सब्सिडी के लिए रजिस्ट्रेशन कराया गया और मनरेगा सम्बन्धित तथा दुधारू गौवंश का बीमा सम्बन्धित एवं गैस सिलेंडर पर सब्सिडी के लिए उज्जवला योजनान्तर्गत और बीपीएल कार्ड धारको का रजिस्ट्रेशन किया गया और कृषि बिजली बिल मे छुट के लिए रजिस्ट्रेशन सहित 10 योजनाओ का रजिस्ट्रेशन किया गया जो सभी 10 योजनाओ का लाभ रजिस्ट्रेशन के बाद ले सकेंगे। इस दौरान कैंप मे पंचायत राज विभाग के रैणी बीडीओ कालूराम मीना सहित एडिशनल बीडीओ व सहायक बीडीओ व पीईओ शामिल रहे तथा ग्राम विकास अधिकारियो व सरपंचो के द्वारा कैंप का बहिष्कार किया। इसी तरह से राजस्व विभाग टीम के रैणी तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर व नायब तहसीलदार रामखिलाडी मीना सहित कानून गो, पटवारी मौजूद रहे एवं स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, जलदाय विभाग और पीडब्लूडी विभाग व रोडवेज और महिला अधिकारिता विभाग व महिला बाल विकास विभाग तथा श्रम विभाग और आयोजना विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग सहित 22 विभागो के सम्बन्धित जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना के द्वारा कैंप मे आमजन को सम्बोधित कर गहलोत सरकार की उपल्ब्धियो को भी बताया और रैणी प्रधान मीरा मांगेलाल मीना भी मौजूद रही इन्होने विधायक के साथ साथ लाभार्थियो को रजिस्ट्रेशन कार्ड भी वितरित किए। इसके बाद स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना व स्थानीय प्रधान मीरा मांगेलाल मीना के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया और दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी द्वारा कैंप का बहिष्कार किया गया। इस दौरान रैणी बीडीओ कालूराम मीना व रैणी तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर और स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना के द्वारा आमजन को बताया गया है कि इस कैम्प के अलावा स्थाई कैम्प भी लगवाये जा रहे है जो रोज प्रतिदिन 30 जून तक रैणी पंचायत समिति मुख्यालय और रैणी उपखण्ड कार्यालय पर व रैणी तहसीलदार कार्यालय पर और रैणी माचाड़ी, गढीसवाईराम और पिनान अस्पताल पर जाकर भी आमजन अपना रजिस्ट्रेशन करा सकता है और पूरी 10 योजनाओ का फायदा ले सकता है क्योंकि गर्मियो के दिन होने के कारण ये 6---7 जगह पर जाकर कोई भी आमजन जाकर बिना कोई परेशानी के जनाधार कार्ड व आधार कार्ड ले जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकता है जो 30 जून तक महंगाई राहत कैंप का काम करते रहेंगे। इस कैम्प के दौरान शान्ति व्यवस्था को ध्यान मे रखते हुए रैणी एसएचओ ओमप्रकाश मीना अपनी टीम के साथ तैनात रहे।

# प्रशिक्षु प्रशिक्षण केंद्र, सशस्त्र सीमा बल मौजपुर में "रसोइया" कार्यक्रम का हुआ आयोजन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा (अलवर)।** अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज 2023 के उपलक्ष्य मे प्रशिक्षु प्रशिक्षण केंद्र, सशस्त्र सीमा बल मौजपुर में "रसोइया" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजन संदीक्षा परिवार एवं बल के कर्मचारियों के द्वारा विभिन्न राज्यों के पकवानों को बनाकर स्टॉल प्रदर्शनी के उपरांत कार्यक्रम के मुख्य आयोजक/संदीक्षा अध्यक्षा के.एच. प्रिया एवं हिजम जितेन सिंह कार्यवाहक उप महानिरीक्षक, प्रशिक्षु प्रशिक्षण केंद्र, सशस्त्र सीमा बल, मौजपुर अलवर रहे। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों की पकवान प्रदर्शनी के माध्यम से देश की संस्कृति एवं सभ्यता को जीवित रखने एवं एक दूसरे के साथ जुड़ने का सभी देशवाशियों को भारतीय होने का गर्व महशूस कराने का सन्देश दिया गया। इस कार्यक्रम में बल की ओर से अन्य



वरिष्ठ अधिकारी अगम दयाल उप कमांडेंट, हेमंत कुमार सहायक कमांडेंट, ब्रिज ओरालकोट सहायक कमांडेंट (चिकित्सा अधिकारी), नि.सा. अंजू मीणा, नि.सा. जयबीर सिंह एवं संदीक्षा परिवार सहित मौजूद रहे और भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्यक्रमों को करने का संकल्प भी लिया गया।

# सोशल मीडिया से बेसहारा परिवार के लिए जुटाई 2,31,151 रु. की आर्थिक सहयोग राशि

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के कुंडरोली में रामकिशन मीना की लंबी बिमारी के कारण मौत हो गई। ऐसे में आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार को सर्व समाज के मानवता वादी सहयोग कताओं ने आर्थिक संबल प्रदान किया सर्व समाज हेल्प टीम के संयोजक प्रकाश भाबला दुब्बी व भागचंद मास्टर ने बताया कि रामकिशन बहुत ही गरीब परिवार से था जो मजदूरी कर-के बच्चों का पालन पोषण कर रहा था, जिसकी 10अप्रैल 2023 को मृत्यु हो गई उनके मरने के बाद विधवा पत्नी खेलन्ता देवी के ऊपर काफी जिम्मेदारी आ गई। रामकिशन के उपर उनकी बिमारी एवं बच्चों की पढ़ाई व घर परिवार के पालन-पोषण के लिए लाखों रुपए का कर्जा ले रखा था जो विधवा पत्नी खेलन्ता देवी कर्जा चुकाने तो बहुत दूर की बात है व अपने मासूम बच्चों का पालन पोषण करने में असमर्थ हो गई है इस खबर को सोशल मीडिया पर सुनकर स्थानीय ग्राम वासियों ने व सर्व समाज के सदस्यों ने एक आर्थिक सहायता के लिए एक मिशन रामकिशन कुंडरोली चलाया जिसमें लगभग 700 सहयोग कर्ताओ के सहयोग करने के बाद 231151 रुपए की राशि एकत्रित हुई जिसको 23 अप्रैल को सक्रिय सदस्यों ने व स्थानीय ग्रामीणों ने रामकिशन की यादगार में एक छायादार पेड़ लगाकर व रामकिशन की छायाप्रति पर पुष्प चढ़ाकर श्रृद्धांजलि अर्पित करके स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी में पीड़ित परिवार को राशि सौंप दी। जिसमें 2 लाख ? की पीडीत परिवार के नाम एफडी कराने का निर्णय लिया व शेष बची राशि 31151 रुपए. को रामकिशन की विधवा पत्नी खेलन्ता देवी को घर खर्च के लिए सौंप दिये। मिशन में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी सहयोग कताओं को ग्रामवासियो ने व स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि





मनोहर लाल ने आभार प्रकट करके बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। मिशन के सक्रिय सदस्य सैतान भाकरी रामसिंह बडला ने कहां की ऐसी दुखद अनहोनी किसी के साथ नहीं हो और अगर फिर भी ईश्वर रूठ जाता है और ऐसे कोई गरीब परिवार के साथ घटना हो जाती है तो जरुरतमंद परिवार के लिए हम हमेशा सहयोग करने और सहयोग करवाने के लिए आगे रहेंगे और प्रमोद सैनी नेमी शर्मा ने सर्व समाज हेल्प टीम स्थानीय मौजूद सदस्यों से समाज में फैली कुरीतियों को रोकने की अपिल की जैसे नुक्ता प्रथा अनावश्यक डीजे बजाना ऐसी कुरुतिओ को बंद करने की सभी लोगों से अपील की इस मिशन समापन पर मनोहर लाल सरपंच, गंगा सहाय कन्हैयालाल भागचंद, प्रकाश भाबला, रामसिंह बडला, सुनिल भाकरी, सैतान भाकरी प्रमोद सैनी नेमी शर्मा, लीलाराम भाबला, सुरेन्द्र, राजेन्द्र, रामलाल पुर्व उपसरपंच, संतोष, बी एल बडला, शैलेन्द्र खटाना, दीपक आदि उपस्थित थे मिशन में सर्व समाज हेल्प टीम राजगढ़ नवयुवक मंडल हेल्प टीम बसवा के सभी सदस्यों के साथ आदि अन्य सक्रिय सदस्यों ने सक्रिय होकर सहयोग किया और सहयोग करवाया।

# रैणी में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)/महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड मुख्यालय पर कस्बे में रविवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव समारोह बडी ही धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया जिसमे बैंड बाजे के साथ भगवान परशुराम की शौभा यात्रा (झांकी) निकाली गयी। समारोह में आसपास गांवो के ब्राह्मण समाज के लोग पारंपरिक गणवेश में झांकी मे आए। रविवार को कस्बे की ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम का जन्मोसव समारोह मनाया गया। जिसमे समाज के बुजुर्ग, युवा व बच्चों ने भगवान परशुराम जी की विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान परशुराम, शिव परिवार व रामदरबार की झांकी सजा कर कस्बे के प्रभुख मार्गो से होते हुए शौभा यात्रा निकाली गयी जिसका जगह जगह जलपान करा कर व पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत-सत्कार किया। शौभा यात्रा के अन्तिम चरण मे पुनः ब्राह्मण धर्मशाला मे पंहुचे जहा पर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान पूरण मास्टर, रमेश राजगढिया, मनोहर चौबे,



शंकर हमाल, हरिप्रसाद पटवारी, राधेश्याम सैदावत, धर्मचन्द वैध, राजा पंचोली, नेमी शर्मा, दिनेश तिवाडी, प्रकाश बोहरा, नरेन्द्र शर्मा, प्रकाश कृपाका, पंडित जगदीश मिश्रा, मुरारी मिश्रा, लक्ष्मण पटेल, देवेन्द्र सैदावत, सत्येन्द्र सैदावत, अनिल धमरेडिया, राहुल, मनोज, भोली, सोनू, सतीश, बड्डन, संतोष, दिलीप, शिवशंकर, शिम्भू, रिंकू, दीपक, युवा ब्राह्मण समाज रैणी अध्यक्ष अनिल शर्मा, राजस्थान ब्राह्मण महासभा के ब्लाक अध्यक्ष मुकेश चन्द शर्मा सहित कस्बे व आस पास के गांवो के ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी रैणी युवा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अनिल शर्मा के द्वारा दी गई है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com